दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...

नई दिल्ली ।। सोमवार 18 मार्च –2024 | वर्ष : 8 अंक : 159 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3

दैनिक
करंट क्राइम
हौली महोत्सव
23 मार्च 2024
समयः सांय
4.00 बजे।



दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली।। सोमवार 18 मार्च -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 159 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3










## एल्विश यादव गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** उसका काफिला सड़क से निकलता है तो सिस्टम हैंग हो जाता है, लाखों लोग जाम में फंस जाते हैं। उसके काफिले में सैकड़ों गाड़ियां और दोपहिया वाहन होते हैं। वह सोशल मीडिया पर खुलेआम बोलता है- आज जयपुर में मीटअप है, आज गुरुग्राम में मीटअप, आज यहां मीटअप , आज वहां मीटअप है। वो नौजवानों से कहता है भारी तादाद में मीटअप में पहुंचों, भाई को सपोर्ट करना है। भले ही शहर का ट्रैफिक जाम हो जाए लेकिन दबदबे में कोई कमी नहीं आनी चाहिए। उसके लाखों फॉलोअर्स हैं इंस्टा, यूट्यूब और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर। इतना परिचय देने के बाद आप समझ ही गए होंगे हम किसकी बात कर रहे हैं। सही समझे ये सारा इंट्रोडक्शन है यूट्यूबर एल्विश यादव का। 'बिग बॉस ओटीटी 2' विनर एल्विश यादव को नोएडा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एल्विश पर रेव पार्टियों में सांप के जहर की सप्लाई करने का आरोप है।

### रहना होगा तो सिस्टम के नीचे...

एल्विश यादव सोशल मीडिया पर काफी फेमस शख्सियत हैं। उनका अंदाज एकदम रौबदार है। उनके चाहने वाले उन्हें 'राव साहब' कहते हैं। फेमस हरियाणवी गीत 'राव साहब' पर एल्विश की लाखों रील सोशल मीडिया पर मौजदू हैं। एल्विश यादव एक सामान्य परिवार का लड़का था, लेकिन आज वो सोशल मीडिया से प्रसिद्धी पाकर करोड़ों रुपये की गाड़ियों और घर में रहता है।

# जब करंट क्राइम से जनरल वीके सिंह ने कहा

## सब ठीक है...!

**दैनिक करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता और समाचार संपादक दीपक भाटी की लोकसभा सांसद और केन्द्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह से बात हुई तो उनके चेहरे पर वही मुस्कान दिखाई दी।**





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** चुनावी बहार है और इसी के बीच होली की बयार है। भगवागढ़ कहे जाने वाले गाजियाबाद में होली महोत्सव चल रहा है। राजनीति में यहां क्या चल रहा है ये काफी कयास और प्रयास का विषय हो गया है। वजह यह है कि भगवागढ़ का लोकसभा वाला टिकट किसी भी वजह से होल्ड हो गया है। टिकट होल्ड होने के बाद चारों तरफ सबकी जुबान पर यही चर्चा कि जिस सीट पर भाजपा को सिर्फ भरना है पर्चा, उस सीट का टिकट आखिर भाजपा हाईकमान ने क्यों होल्ड कर दिया। चुनावी दौर है और टिकट कभी भी घोषित हो सकता है और इन सबके बीच जो नाम सबसे ज्यादा सुर्खियों में है वो जनरल वीके सिंह का है। भाजपा का एक वर्ग कह रहा है कि जो कुछ वो कह रहे हैं कि वो एकदम सटीक है और दूसरा तबका ये कह रहा है कि ऐसी चर्चाएं करने वालों के सूत्र काफी वीक हैं। इन सबके बीच रविवार को होली की शुभकामनाएं वाले महोत्सव के बीच सटीक और वीक वाले माहौल में जनरल वीके सिंह ने करंट क्राइम से कहा कि सबकुछ ठीक है। मौका राजनगर के आरडब्लूए होली मिलन समारोह का था। यहां पर जब जनरल वीके सिंह आये तो उन्होंने नपे तुले शब्दों में अपनी बात कही। यहां पर जब दैनिक करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता और समाचार संपादक दीपक भाटी की लोकसभा सांसद तथा केन्द्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह से बात हुई तो उनके चेहरे पर वही मुस्कान दिखाई दी। यहां पर सबसे पहले जनरल वीके सिंह ने करंट क्राइम से पूछा कि सबकुछ ठीक है तो इसी सवाल को करंट क्राइम ने जनरल वीके सिंह से किया। महोत्सव होली का हो लेकिन चुनाव का माहौल है तो फिर शब्दों का गुलाल अपने आप बाहर आता है। सब ठीक वाले सवाल पर जनरल वीके सिंह के चेहरे पर मुस्कुराहट आई और उन्होंने फुल कांफिडेंस के साथ कहा कि सबकुछ ठीक है। अब जनरल के ठीक शब्द के मायने ठीक ही माने जायेंगे।

### जब मंच से हुआ गुणगान और जनरल के चेहरे पर रही मुस्कान

करंट क्राइम। जनरल वीके सिंह रविवार को जब राजनगर आरडब्लूए द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में आये तो उनका जोरदार स्वागत हुआ। मंच पर शानदार तरीके से आरडब्लूए ने उन्हें सम्मानित किया। इसके बाद मंच संचालन कर रहे संचालक ने माइक से जनरल वीके सिंह के विकास कार्यों का गुणगान किया और ये भी कहा कि जनरल वीके सिंह ही यहां से चुनाव लड़ रहे हैं। लेकिन जब जनरल वीके सिंह मंच पर आये और उन्होंने माइक संभाला तो सबसे पहले नपे तुले शब्दों से शुभकामनाएं दी और फिर वो मंच पर आकर बैठ गये। इस दौरान उनके चेहरे पर मुस्कान रही। मिलने वालों से वो मिलते रहे।

### इलैक्शन से पहले बढ़ गई है जनरल की कनैक्टिविटी और एक्टिविटी

करंट क्राइम। जनरल वीके सिंह इन दिनों सुर्खियों में हैं और वो अपनी लोकसभा में पूरी तरह से एक्टिव भी हैं और कनैक्टिव भी हैं। वो लगातार विजिट कर रहे हैं और सुख-दुख से लेकर विकास के कामों में सबसे आगे हैं। वो होली मिलन में आ रहे हैं , आचार संहिता लागू होने से पहले उन्होंने सांसद निधि से कराये गये विकास कार्यों का लोकर्पण किया। पार्षद उर्मिला चौहान के निधन पर वो शोक व्यक्त करने उनके घर पहुंचे। होली मिलन के कार्यक्रम में वो अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं।

## नोएडा कमिश्नरेट और गाजियाबाद में अलग क्यों था चुनावी प्रेस कॉन्फ्रेंस वाला सीन

### क्या पुलिस करेगी चुनाव को लेकर अलग से प्रेस नोट जारी या कुछ और है तैयारी

गाजियाबाद, करंट क्राइम । चुनावी आचार संहिता लागू होने के बाद अलग-अलग कमिश्नरेट में अधिकारी प्रेस वार्ता कर रहे हैं। शनिवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में जो प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई उसमें पुलिस का कोई अधिकारी नजर नहीं आया जबकि रविवार को पुलिस कमिश्नरेट गौतम बुद्धनगर में जो प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई उसमें प्रशासन के साथ ही पुलिस के अधिकारी भी मौजूद थे। साथ ही वहां आईपीएस अधिकारी मीडिया को चुनावी ब्रीफिंग करते हुए भी नजर आए लेकिन गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में ऐसा सीन देखने को नहीं मिला। उधर कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि आने वाले कुछ दिनों में चुनाव को लेकर पुलिस अलग से कोई प्रेस नोट जारी कर सकती है। अब देखना होगा किसको भेजा जाएगा।



#### क्या नोडल अधिकारी आएंगे मीडिया के सामने

**करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में चर्चा है कि क्या आचार संहिता लगने के बाद चुनावी जानकारी और कार्रवाई से लेकर अन्य पुलिस व्यवस्थाओं की जानकारी देने के लिए आने वाले दिनों में चुनाव के नोडल प्रभारी के रूप में जिम्मेदारी संभालने वाले अधिकारी मीडिया से रु ब रु होंगे। वहीं सूत्र बता रहे हैं कि इससे पूर्व जब नगर निकाय का चुनाव हुआ था तो उसमें भी पुलिस की ओर से कोई प्रेसवार्ता मीडिया को लेकर नहीं की गई थी। बस एक प्रेसनोट जारी करते हुए महत्वपूर्ण डाटा साझा करने का काम किया गया था।



# 35000 से ज्यादा हैं 80 प्लस वाले वरिष्ठ नागरिक

## किसको मिलेगा बुजुर्गों का लोकसभा चुनाव में आशीर्वाद

### घर बैठे मतदान करने की सुविधा का भी मिलेगा लाभ

गाजियाबाद, करंट क्राइम । आगामी लोकसभा चुनाव में गाजियाबाद लोकसभा सीट पर लगभग 35000 से अधिक 80 प्लस वाले मतदाताओं की संख्या है। अब लोकसभा चुनाव में देखना होगा कि कौन सा प्रत्याशी और किस दल पर वरिष्ठ नागरिक और बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलता है। जिस भी वर्ग का विशेष रुझान गया, उसको आगामी लोकसभा चुनाव में निश्चित लाभ मिल सकता है। गाजियाबाद के अधिकारियों द्वारा जो आंकड़ा जारी किया गया है, उसके अनुसार गाजियाबाद में 80 प्लस मतदाताओं की संख्या लगभग 35487 बताई जा रही है। यह एक बड़ी संख्या है और इसका लाभ किस दल और प्रत्याशी को जाएगा यह देखना अभी शेष है। दरअसल लोकसभा चुनाव में पहली बार 85 से अधिक उम्र वाले वोटरों को घर से वोटिंग की सुविधा मिलेगी। चुनाव आयोग ने कहा कि इस बार देश में पहली बार ये व्यवस्था एकसाथ लागू होगी कि जो 85 साल से ज्यादा उम्र के मतदाता हैं। उन सबके पास हम फॉर्म पहुंचाएंगे। अगर वो ये कहेंगे कि वो बूथ पर नहीं आएंगे तो हम उनके घर वोट लेने जाएंगे।




### उम्मीदवार नहीं कर पाएंगे बुजुर्गों को बाईपास

करंट क्राइम। वैसे तो चुनावी समर में नेता हर एक मतदाता पर खास नजर रखने का काम करते हैं लेकिन इस बार बुजुर्गों को दरकिनार नहीं कर पाएंगे। वही अलग-अलग प्रत्याशियों को भी लगभग 35000 से अधिक के इस आंकड़े पर नजर रहेगी कि उन्हें बुजुर्गों का आशीर्वाद मिले और बुजुर्गों का यह आशीर्वाद उनके लिए चुनावी समर में लाभकारी भी साबित हो सकता है। अब देखना होगा कि कौन प्रत्याशी बुजुर्गों को कितना साध पाता है। अभी चुनावी आचार सहिंता ही लागू हुई है ऐसे में आने वाले दिनों में चेहरों के फाइनल होने के बाद जब प्रचार का सिलसिला शुरु होगा तो बुजुर्गों का चुनावी आशीर्वाद लेना प्रत्येक प्रत्याशी की पहली कोशिश रहेगी।

# जानिए अपनी विधानसभा के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को

## पांचो विधानसभा के लिए तय किए गए सहायक रिटर्निंग ऑफिसर

गाजियाबाद, करंट क्राइम। आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराने और उसमें किसी प्रकार की रुकावट से बचने के लिए अधिकारियों को उनके दायित्व सौंप दिए गए हैं। आचार संहिता लागू होने के बाद शनिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं रिटर्निंग ऑफिसर इन्द्र विक्रम सिंह ने अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र के पांचो सहायक रिटर्निंग ऑफीसरों की घोषणा कर दी थी। ताकि चुनाव की इस बेला में आपकी विधानसभा का सहायक रिटर्निंग ऑफिसर कौन है यह सबको मालूम चल जाए। लोकतंत्र के इस महासमर में यह जानना आपके लिए भी बेहद जरूरी है कि आपका सीधा सरोकार किस अधिकारी के साथ है। ऐसे में इन अधिकारियों से आपको तमाम तरीके की अनुमति से लेकर चुनाव को लेकर समस्या या समाधान करना है तो यह काफी मददगार साबित होंगे। इसलिए दैनिक करंट क्राइम अपने पाठकों को अधिकारियों के नंबर से लेकर नाम और कार्यक्षेत्र की जानकारी से अवगत कराने का कार्य कर रहा है।



| विधानसभा | नाम | पदनाम | फोन नंबर |
|---|---|---|---|
| 53-लोनी | निखिल चक्रवर्ती | उप जिला अधिकारी लोनी | 9711698686 |
| 54-मुरादनगर | चंद्रेश कुमार | अपर जिलाधिकारीगाजियाबाद | 9528810359 |
| 55-साहिबाबाद | अरुण दीक्षित | उप जिलाधिकारी गाजियाबाद | 8527893216 |
| 56-गाजियाबाद | अजय अम्बष्ट | नगर मजिस्ट्रेट गाजियाबाद | 9453123000 |
| 57-मोदीनगर | डॉ पूजा गुप्ता | अपर जिलाधिकारी मोदीनगर | 9454416779 |

## न्यूज डायरी

### हिंसा के दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई', गुजरात विश्वविद्यालय की घटना पर विदेश मंत्रालय ने कही ये बात



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय (एमईए) ने रविवार को कहा कि गुजरात सरकार अहमदाबाद के एक विश्वविद्यालय में हिंसा के अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है। हिंसा में दो विदेशी छात्र घायल हो गए थे। एमईए के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि हिंसा में घायल दो विदेशी छात्रों में से एक को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

उन्होंने कहा, अहमदाबाद के गुजरात विश्वविद्यालय में कल हिंसा की एक घटना हुई। राज्य सरकार अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। जायसवाल ने कहा, झड़प में दो विदेशी छात्र घायल हो गए। उनमें से एक को चिकित्सा के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। अहमदाबाद के पुलिस आयुक्त जीएस मलिक के मुताबिक, घटना की रात तब हुई, जब गुजरात विश्वविद्यालय के छात्रावास परिसर में 20 से 25 लोग घुस आए और विदेशी छात्रों के वहां पर नमाज अदा करने पर आपत्ति जताने लगे। उन्होंने उनसे मस्जिद में नमाज अदा करने के लिए कहा। उनकी इस मुद्दे पर बहस हुई। जिसके बाद उन पर हमला और पथराव किया गया। पुलिस ने बताया कि श्रीलंका और ताजिकिस्तान के दो छात्रों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। मलिक ने कहा, 20 से 25 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। घटना की जांच के लिए नौ टीमों का गठन किया गया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में अफगानिस्तान, ताजिकिस्तान, श्रीलंका और अफ्रीका के देशों सहित करीब 300 विदेशी छात्र हैं। अधिकारी ने बताया कि विश्वविद्यालय के ए-ब्लॉक छात्रावास में करीब 75 विदेशी छात्र रहते हैं, जहां यह घटना हुई। उन्होंने बताया कि घटना में शामिल सभी लोगों को गिरफ्तार किया जाएगा और मामले की निगरानी संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) करेंगे। उन्होंने हा कि मामले की जांच के लिए अपराध शाखा से चार और स्थानीय पुलिस की नौ टीमों का गठन किया गया है। गुजरात विश्वविद्यालय की कुलपति नीरजा गुप्ता ने कहा कि बीती रात ए-ब्लॉक छात्रावास के परिस के भीतर दो समूहों के बीच झड़प हुई। मामला बढ़ गया और कुछ विदेशी छात्र घायल हुए हैं। उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। सरकार और पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया है और जांच चल रही है।

### एटीएस ने दो भाईयों को किया गिरफ्तार, खुद को ईडी अधिकारी बताकर सरकारी कर्मचारियों से लूटते थे पैसा



**ओडिशा।** ओडिशा के ढेंकनाल जिले में पैसे ठगने का मामला सामने आया है। दो भाईयों को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपी खुद को प्रवर्तन निदेशालय का अधिकारी बताकर सरकारी अधिकारियों से पैसे वसूलने का काम करते थे। पुलिस ने रविवार को मामले की जानकारी दी। दोनों भाईयों को शनिवार को ढेंकनाल शहर में उनके घर से गिरफ्तार किया। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए कहा कि दोनों भाईयों ने बड़ी संख्या में लोगों से ऋण लिया है, जिसे वो चुकाने में सक्षम नहीं थे, इसलिए उन्होंने सरकारी कर्मचारियों को धोखा देने की योजना बनाई। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी खुद को ईडी भुवनेश्वर के अतिरिक्त निदेशक बताकर राज्य के कई विभागों के सरकारी अधिकारियों को फोन करते थे। गौरतलब है कि आरोपी कुछ अधिकारियों से पैसे लेने में सफल रहे, शुरूआती जांच में पता चला है कि कुल मिलाकर 16 लाख रुपये से अधिक का भुगतान किया गया था। वे अक्सर गूगल पे समेत अन्य ऑनलाइन पेमेंट प्लेटफॉर्म के जरिए पैसा ऐंठते थे। एक एसटीएफ अधिकारी ने कहा कि उन्हें छत्रपुर के उप कलेक्टर देबदत्त मोहंता द्वारा दर्ज की गई एक शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने बताया कि उनके पास से एक लैपटॉप, एक डेस्कटॉप, पांच मोबाइल फोन, बैंक पासबुक और चेकबुक, फर्जी आईडी कार्ड और 17 एटीएम कार्ड जब्त किए गए।

### कागज का इस्तेमाल कम करें', चुनाव आयोग ने राजनीतिक पार्टियों को जारी किए अहम दिशा-निर्देश

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने शनिवार को आम चुनाव की तारीखों का एलान कर दिया। इसके साथ ही चुनाव आयोग ने चुनाव को पर्यावरण के लिहाज से अनुकूल रखने के लिए भी कई अहम दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन दिशा निर्देशों के तहत आयोग ने चुनाव के दौरान कम कागज का इस्तेमाल करने और सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने की अपील की है।

#### कार्बन उत्सर्जन कम करने की अपील

चुनाव आयोग ने राजनीतिक पार्टियों और चुनाव कराने वाली मशीनरी को गाइडलाइंस जारी करते हुए अपील की है कि चुनाव के दौरान पर्यावरण के अनुकूल गाड़ियों का इस्तेमाल किया जाए और साथ ही ज्यादा गाड़ियों का इस्तेमाल करने के बजाय लोगों को कार पूल करने की सलाह दी है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि 'हम चुनाव को पर्यावरण के लिहाज से अनुकूल बनाने की कोशिश कर रहे हैं। इन्हीं कोशिशों के तहत एक बार ही इस्तेमाल के बाद फेंकी जाने वाली प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने, कागज का कम इस्तेमाल करने और पर्यावरण हितैषी प्रक्रियाओं का पालन करने की अपील की गई है। चुनाव कराने वाली मशीनरी और राजनीतिक पार्टियों को इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।'

#### कचरा प्रबंधन कराएं राजनीतिक पार्टियां

चुनाव आयोग ने सलाह दी है कि राजनीतिक पार्टियां और पोल मशीनरी स्थानीय कचरा प्रबंधन यूनिट्स की मदद से कचरे को रिसाइकिल करने की कोशिश करें। साथ ही मतदाता सूची और चुनावी सामग्री में कागज का इस्तेमाल कम करें। कागजों पर दोनों तरफ छपवाएं, जिससे कागज की बचत हो सके। आयोग ने राजनीतिक पार्टियों से अपील की कि वह चुनाव प्रचार के दौरान गाड़ियों का इस्तेमाल सीमित करें, जिससे कार्बन उत्सर्जन को कम रखा जा सके। इसके लिए सीएनजी और इलेक्ट्रिक गाड़ियों का इस्तेमाल हो। साल 2023 में पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के दौरान भी चुनाव आयोग ने चुनाव प्रचार के दौरान विघटित न होने वाले तत्वों का कम से कम इस्तेमाल करने और प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने की अपील की थी। दरअसल भारत में विशाल पैमाने पर आम चुनाव कराए जाते हैं। इस बार 81 दिनों तक पूरी चुनावी प्रक्रिया चलेगी। इस दौरान बड़ी मात्रा में प्रचार सामग्री का वितरण होगा। चुनाव के बाद यह पूरी सामग्री कचरा बन जाएगी। जिससे पर्यावरण को भारी नुकसान होता है। यही वजह है कि आयोग ने पहले ही इस संबंध में दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं ताकि राजनीतिक पार्टियां इसे लेकर जागरुक हो सकें। चुनाव आयोग ने शनिवार को देश की 543 लोकसभा सीटों पर चुनाव के लिए आम चुनाव की तारीखों का एलान कर दिया। शेड्यूल के अनुसार, लोकसभा चुनाव सात चरणों में होगा और 19 अप्रैल 2024 को पहले चरण के चुनाव कराए जाएंगे। वोटों की गिनती 4 जून को होगी।

### युवक से ठगे 21 हजार, गिरफ्तार

**मुरादनगर करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र में लघु उद्योग लगाने के नाम पर गाजियाबाद निवासी एक युवक से पांच लाख रुपए का लोन दिलाने के नाम पर 21 हजार रुपए ठगने का मामला सामने आया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गाजियाबाद के लाल कुंआ स्थित पंचकुला कॉलोनी निवासी प्रीतम सिंह परिवार सहित रहते हैं। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से उनकी मुलाकात एक युवक से हुई। युवक ने अपना नाम ईशान जैन बताया और बताया कि वह लघु उद्योग विभाग से रोजगार शुरू करने के लिए लोन दिला देगा। इसके बाद प्रीतम सिंह से उक्त युवक ने 21 हजार रुपए ले लिया। काफी समय बीत जाने के बाद जब लोन नहीं हुआ तो प्रीतम सिंह उक्त व्यक्ति के घर पहुंचे। वहां पर युवक के पिता मिले और उन्होंने बताया कि युवक का नाम ईशान जैन नहीं ,बल्कि सादिक सैफी है। इसके बाद अपने साथ हुई ठगी का एहसास हुआ। आरोपी ने अपनी ही कॉलोनी की एक दर्जन से अधिक महिलाओं से लोन दिलाने क नाम पर ठगी कर रखी है। पीड़ित ने इस संबंध में मोदीनगर थाने में तहरीर दी है। एसीपी नरेश कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। उन्होंने बताया कि आरोपी सादिक सैफी निवासी नूरगंज कॉलोनी मुरादनगर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# मोदी बोले- कांग्रेस गठबंधन को इस्तेमाल करके फेंक देती है इसीलिए 'इंडिया' गठबंधन बना, हमारे साथी लगातार बढ़ रहे, एनडीए की ताकत बढ़ रही

**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश के पलनाडु में रविवार को NDA की रैली में PM नरेंद्र मोदी ने कहा- NDA में हम सबको साथ लेकर चलते हैं, दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी है जिसका एक ही एजेंडा है गठबंधन के लोगों को यूज एंड थ्रो करना। आज कांग्रेस के लोगों को भले ही मजबूरी में INDI गठबंधन बनाना हो, लेकिन इनकी सोच वही है।

रैली में पीएम मोदी के अलावा TDP चीफ चंद्रबाबू नायडू और जनसेना पार्टी अध्यक्ष पवन कल्याण भी शामिल हुए। लोकसभा चुनाव के लिए BJP और TDP के बीच सीट शेयरिंग फाइनल हो चुकी है। भाजपा छह लोकसभा और 10 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। जबकि TDP लोकसभा की 17 और विधानसभा की 144 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। समझौते के तहत जनसेना दो लोकसभा और 21 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी।



#### कांग्रेस का एजेंडा, गठबंधन के लोगों को यूज एंड थ्रो करना

NDA में हम सबको साथ लेकर चलते हैं, दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी है जिसका एक ही एजेंडा है गठबंधन के लोगों को यूज एंड थ्रो करना। आज कांग्रेस के लोगों को भले ही मजबूरी में INDI गठबंधन बनाना हो, लेकिन इनकी सोच वही है। लेफ्ट और कांग्रेस केरल में एक दूसरे को क्या कहते हैं। बंगाल में TMC और लेफ्ट एक दूसरे के लिए क्या-क्या बोलते हैं। पंजाब में कांग्रेस और AAP एक दूसरे के लिए कैसी भाषा बोलते हैं। जो लोग चुनाव से पहले अपने फायदे के लिए ऐसे लड़ते हों, वो चुनाव के बाद क्या करेंगे इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।

#### भाजपा के सहयोगी बढ़ रहे हैं, NDA की ताकत बढ़ी

मोदी ने कहा- हमारा NDA गठबंधन क्षेत्रीय आकांक्षाओं और राष्ट्रीय प्रगति दोनों को साथ लेकर चलता है। इस चुनाव में भाजपा के सहयोगी हमारे साथी लगातार बढ़ रहे हैं। NDA की ताकत बढ़ रही है। चंद्रबाबू नायडू और पवन कल्याण दोनों लंबे समय से आप लोगों के हक के लिए आंध्र के विकास के लिए दिन-रात आपके लिए काम करते रहे हैं।

आंध्र के बाद पीएम मोदी केरल के पलक्कड़ में रोड शो करेंगे। यहां कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री एके एंटनी के बेटे अनिल एंटनी भाजपा के उम्मीदवार हैं। PM मोदी उन्हीं के लिए चुनाव प्रचार करेंगे। हालांकि PM का पलक्कड़ में केवल रोड शो होगा। अभी तक जनसभा की कोई जानकारी नहीं है। PM मोदी का इस साल राज्य का यह 5वां दौरा है।

PM मोदी ने 15 मार्च को केरल के पथानामथिट्टा में जनसभा की थी। तब उन्होंने कहा था कि इस बार केरल में कमल खिलने जा रहा है। यहां के लोग कह रहे हैं कि अब की बार 400 पार। केरल में इस वक्त कानून व्यवस्था की स्थिति खराब होती जा रही है। चर्च के पादरी भी हिंसा के शिकार हो रहे हैं। कितने ही कॉलेज कैम्पस कम्युनिस्टों के गुंडों के अड्डे बन चुके हैं। महिलाएं, युवा और हर वर्ग के लोग डर में जी रहे हैं। राज्य सरकार में बैठे लोग चैन की नींद सो रहे हैं। इन समस्याओं से छुटकारा तब मिलेगा, जब यहां से कांग्रेस और LDF की मिलीभगत का चक्कर टूटेगा।

प्रधानमंत्री मोदी 15 मार्च से 19 मार्च तक दक्षिण भारत के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह केरल, तमिलनाडु और तेलंगाना में चुनावी रैलियां करेंगे।

#### पूरा देश कह रहा है, 4 जून को 400 पार

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- कल ही देश में चुनाव का बिगुल बजा है और आज मैं आप सबके बीच हूं। यहां मुझे ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों का आशीर्वाद मिल रहा है। त्रिदेवों के इस आशीर्वाद से हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल में देश और भी बड़े निर्णय लेगा। ये संयोग है कि इस बार चुनावों के परिणाम 4 जून को आने वाले हैं। पूरा देश कह रहा है, 4 जून को 400 पार।

#### 10 सालों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए

हमारी सरकार गरीबों की सेवा करती है। पिछले 10 सालों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। आंध्र प्रदेश में, एनडीए सरकार ने पीएम आवास योजना के तहत लगभग 10 लाख घर दिए हैं। यहां पलनाडु में गरीबों के लिए करीब 5 हजार पक्के घर बनाए गए हैं। जल जीवन मिशन के तहत आंध्र प्रदेश में करीब एक करोड़ परिवारों को नल कनेक्शन मिल चुका है।

## एनडीए प्रत्याशी डॉ. राजकुमार सांगवान के कार्यक्रमों की तैयारी को बैठक की

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** लोकसभा बागपत की मोदीनगर विधानसभा में आज होने वाले एनडीए प्रत्याशी डॉ. राजकुमार सांगवान के कार्यक्रमों की तैयारी के लिए गांव फजलगढ़, इस्सेपुर व भदोला में बैठक की गई। बैठक में शामली विधायक प्रसन्न चौधरी, रणवीर सिंह दहिया, चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी, कपिल चौधरी, बिट्टू खंजरपुर, युवा अध्यक्ष जयदीप पतला, सत्येंद्र तोमर, सुरेंद्र तेवतिया, प्रज्जवल, ब्रजवीर प्रधान, अनुराग प्रधान, सोनपाल प्रधान मौजूद रहे। इस मौके पर शामली विधायक प्रसन्न चौधरी ने कहा कि श्री सांगवान को मिलकर सभी पूरी ताकत से चुनाव लड़ायें और ज्यादा से ज्यादा वोटों से जिताकर लोकसभा में भेजें। रणबीर दहिया व अमरजीत सिंह बिड्डी ने कहा कि बागपत चौधरी साहब की परंपरागत सीट है इस सीट से डॉक्टर राजकुमार सांगवान को एनडीए का प्रत्याशी बनाया गया है, रालोद व भाजपा के सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी आपस में समन्वय बनाकर पूरी ताकत से उन्हें चुनाव लड़ाने का काम करें।





## नई सरकार के पहले 100 दिन और अगले पांच वर्षों के लिए तैयार करें रोडमैड

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मंत्रियों से नई सरकार के लिए पहले 100 दिनों और अगले पांच वर्षों के लिए एक रोडमैप तैयार करने को कहा। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि आज सुबह मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधानमंत्री ने मंत्रियों से यह भी कहा कि वे अपने संबंधित मंत्रालयों के सचिवों और अन्य अधिकारियों से मिलकर चर्चा करें कि पहले 100 दिनों और अगले पांच वर्षों के एजेंडे को कैसे बेहतर ढंग से लागू किया जा सकता है।

#### 19 अप्रैल को पहले चरण के लिए मतदान

19 अप्रैल को 102 सीट पर पहले चरण के मतदान के लिए पहली अधिसूचना 20 मार्च को जारी की जाएगी। अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन प्रक्रिया एक विशेष चरण के लिए शुरू होती है।



#### मंत्रिपरिषद ने किया था कार्ययोजना पर मंथन

प्रधानमंत्री मोदी और उनकी मंत्रिपरिषद ने तीन मार्च के विजन डॉक्यूमेंट में 'विकसित भारतः 2047' और अगले पांच साल के लिए विस्तृत कार्ययोजना पर मंथन किया था। मंत्रिपरिषद की दिनभर चली बैठक में जून में नई सरकार के गठन के बाद तत्काल कदम उठाने के लिए 100 दिन के एजेंडे पर विचार-विमर्श किया गया।

सूत्रों ने तब कहा था कि विकसित भारत के लिए रोडमैप दो साल से ज्यादा समय की तैयारी का परिणाम है। इसमें सभी मंत्रालयों को शामिल करते हुए केंद्र और राज्य सरकारों के दृष्टिकोण, शिक्षाविदों, उद्योग निकायों, नागरिक समाज, वैज्ञानिक संगठनों के साथ व्यापक विचार-विमर्श और युवाओं को जुटाने की जरूरत थी।

#### चुनाव आयोग ने किया तारीखों का एलान

यह बैठक तब हुई है, जब एक दिन पहले चुनाव आयोग ने 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए तारीखों का एलान किया है। मंत्रिमंडल ने चुनाव आयोग की सिफारिश राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भेजकर सात चरण के संसदीय चुनावों की तारीखों को अधिसूचित करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है।

## अब राज्यों में अलग-अलग भाषाएं बोलने वालों को निशाना बनाएगी भाजपा

**तमिलनाडु।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने रविवार को संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) की आलोचना की। उन्होंने कहा कि यह केवल एक संकेत है और भाजपा भविष्य में प्रत्येक राज्य में विभिन्न भाषाएं बोलने वाले लोगों को निशाना बनाने के लिए भी कानून लाएगी।



स्टालिन ने साल 2004 के लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा के 'इंडिया शाइनिंग' का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उस समय के सर्वेक्षणों में भी भाजपा के समर्थन में लहर की संभावना जताई गई थी। साथ एकजुट न होने के लिए विपक्ष की आलोचना की गई थी। लेकिन चुनाव के नतीजे संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) के पक्ष में थे और यह सरकार अगले दस वर्षों तक चलती रही। 2024 के परिणाम 2004 की तरह होंगे। इतिहास खुद को दोहराएगा।

#### 'सीएए बांटने की सियासत का हिस्सा'

सीएए के तहत नियमों को अधिसूचित करने के बारे में पूछे जाने पर स्टालिन ने कहा, सीएए भाजपा की विभाजनकारी राजनीति का हिस्सा है और यह अब केवल अल्पसंख्यकों के खिलाफ प्रतीत होता है। लेकिन भविष्य में भाजपा राज्य में विभिन्न भाषा बोलने वाले लोगों को निशाना बनाते हुए नए कानून लाएगी। सीएए इसकी शुरूआत है।

चुनावी बॉन्ड के मुद्दे पर मुख्यमंत्री ने कहा, भाजपा द्रमुक और अन्य दलों पर आरोप लगा रही है। उसने चुनाव धन जुटाने के लिए किस पर दबाव डाला, इसकी जांच की जानी चाहिए। भाजपा रंगे हाथों पकड़ी गई है। उन्होंने कहा, स्द्रमुक अपने पहले चुनाव (1957) का सामना करने के बाद से चुनावी फंड जुटा रही है। द्रमुक के संस्थापक सीएन अन्नादुरई ने 1967 के चुनावों के दौरान 10 लाख रुपये का लक्ष्य रखा गया था। कलैनार (द्रमुक के दिवंगत नेता एम करुणानिधि) ने तब 11 लाख रुपये जुटाए थे। द्रमुक के लिए पैसा जुटाना और ऐसी एकत्रित राशि की ऑडिट करना सामान्य बात है। हमने उसी पारदर्शी तरीके से चुनाव बॉन्ड के जरिए धन जुटाया है।

## अरुणाचल और सिक्किम में काउंटिंग की तारीख बदली

### अब 4 की बजाय 2 जून को होगी; इसी दिन दोनों विधानसभाओं का कार्यकाल खत्म हो रहा

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में होने वाले विधानासभा चुनाव की मतगणना की तारीख बदल दी है। इलेक्शन कमीशन ने पहले काउंटिंग की तारीख 4 जून घोषित की थी। इसे बदलकर अब 2 जून कर दिया है।

दोनों राज्यों में लोकसभा के साथ-साथ विधानसभा के भी चुनाव होने हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक, दोनों राज्यों में विधानसभा कार्यकाल 2 जून को खत्म हो रहा है इसलिए तारीख बदली गई। अरुणाचल और सिक्किम में 19 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। इससे पहले 16 मार्च को इलेक्शन कमीशन ने चार राज्यों आंध्र प्रदेश, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान किया था। आंध्र प्रदेश में 13 मई को एक फेज में वोटिंग होगी। ओडिशा में चार चरणों में 13 मई, 20 मई, 25 मई और एक जून को वोट डाले जाएंगे।

इनके अलावा गुजरात की 5, यूपी की 4, हरियाणा, बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, राजस्थान, कर्नाटक, तमिलनाडु की 1-1 विधानसभा सीट पर उपचुनाव होगा। यहां उस क्षेत्र में होने वाले लोकसभा चुनाव के साथ ही नोटिफिकेशन जारी होगा और वोटिंग होगी।





अरुणाचल और सिक्किम को छोड़कर सभी राज्यों में काउंटिंग लोकसभा चुनावों की काउंटिंग के साथ 4 जून को होगी।

ओडिशा की 147, सिक्किम की 32, अरुणाचल प्रदेश की 60 और आंध्र प्रदेश की 175 विधानसभा सीटों पर चुनाव होंगे। ओडिशा में बीजू जनता दल की सरकार है। यहां भाजपा सीधे मुकाबले में है। नवीन पटनायक यहां साल 2000 से मुख्यमंत्री हैं।

आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के नेता जगन मोहन रेड्डी मुख्यमंत्री हैं। यहां पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की तेलुगु देशम पार्टी, अभिनेता पवन कल्याण की जनसेना और भाजपा गठबंधन एक साथ चुनाव लड़ रहे हैं। अरुणाचल प्रदेश में पेमा खांडू के नेतृत्व में भाजपा की सरकार है। 2019 में पार्टी ने यहां 60 में से 42 सीटें जीती थीं। इसके अलावा सिक्किम में प्रेम सिंह तमांग के नेतृत्व में सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा की सरकार है। यहां भाजपा गठबंधन की सरकार में शामिल है।

**आंध्र प्रदेश में 13 मई को एक फेज में वोटिंग होगी। ओडिशा में चार चरणों में 13 मई, 20 मई, 25 मई और एक जून को वोट डाले जाएंगे।**

## अरब सागर में नौसेना ने दिखाई ताकत, पैराशूट से कूदे मार्कोस कमांडो, समुद्री लुटेरों से बचाया जहाज

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने एक बार फिर हिंद महासागर और अरब सागर में अपने दबदबे का नमूना पेश किया है। नौसेना ने समुद्री लुटेरों के खिलाफ अरब सागर में चल रहे ऑपरेशन में सफलता हासिल करते हुए व्यापारिक जहाज एमवी रुएन को समुद्री लुटेरों के चंगुल से छुड़ा लिया है और साथ ही 35 समुद्री लुटेरों को हिरासत में लिया है। इस ऑपरेशन के तहत नौसेना ने भारतीय तटों से 2600 किलोमीटर दूर समुद्री डाकुओं के खिलाफ कार्रवाई की और उन्हें आत्मसमर्पण करने को मजबूर कर दिया। करीब 40 घंटे चले ऑपरेशन में नौसेना के आईएनएस कोलकाता और आईएनएस सुभद्रा युद्धपोत, ड्रोन्स और मरीन कमांडो शामिल हुए।



#### विमान से अरब सागर में कूदे मार्कोस कमांडो

नौसेना ने बताया कि ऑपरेशन के तहत वायुसेना के सी-17 ग्लोबमास्टर ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट की मदद से मार्कोस कमांडो को भारतीय तट से 2600 किलोमीटर दूर अरब सागर में एयरड्रॉप किया गया। साथ ही मार्कोस कमांडो के लिए कई विशेष नौकाएं भी अरब सागर में गिराई गईं। इन नौकाओं की मदद से भारतीय मार्कोस कमांडो अगवा किए गए व्यापारिक जहाज एमवी रुएन पर सवार हुए और वहां ऑपरेशन चलाकर समुद्री लुटेरों को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर कर दिया। नौसेना का यह ऑपरेशन करीब 40 घंटे चला। इस दौरान समुद्री लुटेरों ने भी भारतीय जवानों पर कई बार फायरिंग की। नौसेना के अनुसार, इस अहम रेस्क्यू ऑपरेशन के तहत भारतीय युद्धपोत आईएनएस कोलकाता पर 35 समुद्री लुटेरों को हिरासत में लिया गया और अब उन्हें भारतीय तट पर लाया जा रहा है। साथ ही व्यापारिक जहाज एमवी रुएन के 17 क्रू सदस्यों को भी सुरक्षित बचा लिया गया है और उन्हें भी भारतीय तट पर लाया जा रहा है।

## चुनाव आयोग ने इलेक्टोरल बॉन्ड का नया डेटा वेबसाइट पर डाला

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री से 16 मार्च को मिला इलेक्टोरल बॉन्ड का नया डेटा रविवार को अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया। नए डेटा में फाइनेंशियल ईयर 2017-18 के बॉन्ड्स की जानकारी शामिल है।

आयोग ने 14 मार्च को 763 पेज की दो लिस्ट में अप्रैल 2019 के बाद खरीदे या कैश किए गए बॉन्ड की जानकारी वेबसाइट पर अपलोड की थी। एक लिस्ट में बॉन्ड खरीदने वालों की जानकारी, जबकि दूसरी में राजनीतिक दलों को मिले बॉन्ड की डिटेल थी। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) ने 14 मार्च को बॉन्ड से जुड़ी जानकारी चुनाव आयोग को दी थी। इसमें बॉन्ड के यूनीक अल्फा न्यूमेरिक नंबर्स नहीं थे। कोर्ट ने 15 मार्च को स्इकको नोटिस जारी कर 18 मार्च तक जवाब मांगा है।

चुनाव आयोग के डेटा के मुताबिक, भाजपा ने कुल 6 हजार 986 करोड़ रुपए के चुनावी बॉन्ड कैश कराए हैं। पार्टी को 2019-20 में सबसे ज्यादा 2 हजार 555 करोड़ रुपए मिले हैं। वहीं, DMK को इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से 656.5 करोड़ रुपए मिले, जिसमें लॉटरी किंग सैंटियागो मार्टिन के फ्यूचर गेमिंग से 509 करोड़ रुपए भी शामिल हैं।





#### राजनीतिक पार्टियों ने मांगे बॉन्ड्स के यूनीक नंबर्स

आयोग की वेबसाइट पर मौजूद डेटा के मुताबिक कुछ पार्टियों ने स्इकसे बॉन्ड्स के यूनीक नंबर्स मांगे हैं। तृणमूल कांग्रेस ने कहा है कि उसे नंबर्स चाहिए ताकि वह सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन कर सके। भारतीय जनता पार्टी ने स्इकसे ऐसी कोई अपील नहीं की है, बल्कि उसने पूरा डेटा दिया है। बहुजन समाज पार्टी ने कहा कि उसे चुनावी बॉन्ड के जरिए कोई चंदा नहीं मिला है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने भी कहा कि उसे भी इलेक्टोरल बॉन्ड्स से चंदा नहीं मिला। कांग्रेस ने कहा कि वह SBI द्वारा चुनाव आयोग को दिया गया डेटा जारी करेगी।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# राजनगर आरडब्ल्यूए के होली मिलन समारोह में बरसा अपनेपन का रंग





करंट क्राइम। राजनगर आरडब्ल्यूए द्वारा रविवार को होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। होली मिलन समारोह में लोकसभा सांसद जनरल वीके सिंह भी पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने सभी को होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं बधाई दी। आरडब्ल्यूए द्वारा आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। आरडब्ल्यूए द्वारा सभी को सम्मानित किया गया। सभी ने इस बेहद खूबसूरत व्यवस्थित कार्यक्रम का आनंद लिया।





## कविनगर में पूर्व पार्षद से लेकर भाजपा की पूरी टीम को पुलिस ने मान लिया बागी

# कर दिया मुचलकों में पाबंद और हो गई उनके विवाद उत्पन्न करने की मुनादी



गाजियाबाद करंट क्राइम। जिस मौहल्ले में हर वार्ड में भाजपा है, जिस वार्ड में पूर्व राज्यमंत्री और मौजूदा विधायक रहते हैं जिस मौहल्ले में एक एमएलसी रहते हैं जिस मौहल्ले में एक दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री रहते हैं जिस वार्ड में पूर्व राज्यसभा सांसद रहते हैं और जिस वार्ड में पूर्व मेयर रहतीं हैं उस वार्ड की पुलिस ने काफी केयर की है। कमाल ये हुआ है कि यहां पर राजी होकर भाजपा के लिए चुनाव में काम करने वालों से लेकर बागी होकर चुनाव लड़ने वालों तक पुलिस के नोटिस जारी हुए हैं। भाजपा की लगभग पूरी टीम को यहां पुलिस ने बागी मान लिया है। पुलिस की रिपोर्ट में इन भाजपा नेताओं को शांतिभंग होने की संभावना वाले चेहरों में माना गया है। इन्हें 107, 116 के नोटिस जारी किये गये हैं। जिन लोगों को नोटिस जारी किये गये हैं उनमें कविनगर के पूर्व भाजपा पार्षद तथा जीडीए बोर्ड सदस्य हिमांशु मित्तल शामिल हैं। इसके अलावा इस टीम में मनोज शर्मा, अजय टंडन, विपिन कुमार कंसल और रमित दुआ के नाम हैं। जिन लोगों को नोटिस जारी हुआ है उनमें पवन गुप्ता, आमोद कालरा, अंकुर गर्ग, नितिन शर्मा, लोकेश गर्ग, अभय गुप्ता, अमित गुप्ता, आलोक सिंघल, नीरज गुप्ता, दीपक गुप्ता, पवन गुप्ता के नाम हैं। इन सभी को पचास हजार रूपये के मुचलके में पाबंद करने के आदेश दिये गये हैं।




### दरोगा जी ने दी रिपोर्ट लोकसभा चुनाव में कर सकते हैं कोई अप्रिय घटना कारित

करंट क्राइम। जिन चेहरों ने विधानसभा चुनाव में भाजपा के लिए नारे लगाये। जिन चेहरों ने मेयर चुनाव में भाजपा जिन्दाबाद की, उन चेहरों को पुलिस ने लोकसभा चुनाव के लिए शांतिभंग वाले चेहरे मान लिये। दरोगा जी तीन मार्च को ही ये रिपोर्ट दे चुके हैं कि ये सभी चेहरे लोकसभा चुनाव 2024 प्रक्रिया में राजनीतिक एवं समर्थन के कारण बढ़चढ़कर भाग लेते हैं। अलग-अलग विचारधारा और समर्थन तथा सहयोग के कारण विवाद उत्पन्न करने की संभावना बनी रहती है। विपक्षीगण लोकसभा चुनाव के दौरान कोई ना कोई अप्रिय घटना कारित कर सकते हैं। थाना प्रभारी इस रिपोर्ट में कहा गया है कि मैं पुलिस की उपरोक्त आख्या से संतुष्ट हुं और विपक्षीगण से शांतिभंग होने की संभावना है। कोतवाली के कार्यपालक मजिस्ट्रेट ने मुचलका पाबंद नेताओं को निर्देश दिये हैं कि क्यों ना एक वर्ष तक परिशांति बनाये रखने हेतु पचास हजार रूपये का व्यक्तिगत बंध-पत्र तथा इतनी ही धनराशि के प्रतिभू लिये जायें।

### आज हम करेंगे जवाब दाखिल और नहीं करायेगें अपनी बेल : हिमांशु मित्तल

करंट क्राइम। भाजपा के पूर्व पार्षद तथा जीडीए बोर्ड सदस्य हिमांशु मित्तल को भी मुचलके में पाबंद किया गया है। जब करंट क्राइम ने उनसे बात की तो उन्होंने कहा कि हम इस मामले में आज अपना जवाब दाखिल करेंगे। कमिश्नर के यहां आपत्ति रिवीजन फाईल की है। हम इस पूरे आदेश को चुनौती देंगे। कुल 20 लोगों को मुचलके में पाबंद किया गया है। मुचलकों में पूर्व में आधार होता था और हम यही जानना चाहते हैं कि किस आधार पर सभी को मुचलके में पाबंद किया गया है।

# लोकसभा चुनावः सोशल मीडिया पर निगरानी करना रहेगा बड़ा चैलेंज, एक-एक समर्थक सौ- सौ पोस्ट करता है शेयर

## प्रत्याशियों के खर्चे में आएगा सोशल मीडिया पर किया गया विज्ञापन

गाजियाबाद, करंट क्राइम। आगामी लोकसभा चुनाव में सोशल मीडिया पर निगरानी और प्रत्याशियों के अलग-अलग संदेश पर नजर रखना चुनाव आयोग और प्रशासन की टीमों के लिए किसी बड़े चैलेंज से काम नहीं है। हालांकि अधिकारी दावा कर रहे हैं कि सोशल मीडिया पर पूरी नजर रखी जाएगी। साथ ही अगर कोई व्यक्ति सोशल मीडिया पर भी विज्ञापन या प्रचार करता है तो वह खर्च प्रत्याशी के चुनावी खर्च में शामिल हो जाएगा। इसके अलावा अलग-अलग पार्टी के कार्यकर्ता अपने प्रत्याशी को लेकर जो पोस्ट शेयर करते हैं उसपर भी चुनाव आयोग की टीमें निगरानी रखने का काम करेंगी। गाजियाबाद के रिटर्निंग ऑफिसर इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा है कि सोशल मीडिया पर गाजियाबाद प्रशासन भी पूरी मजबूती से काम करेगा और नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

### सोशल मीडिया पर भी लागू रहेगी आचार संहिता

### चुनाव प्रचार की पोस्ट डालने से पहले लेनी होगी अनुमति



करंट क्राइम। सोशल मीडिया को खुला प्लेटफार्म कहा जाता है लेकिन इस चुनावी समर में लोगों को यहां पर धैर्य से काम करना होगा। टि्वटर, फेसबुक, यूट्यूब विकिपीडिया जैसे सोशल मीडिया पर प्रचार सामग्री पोस्ट करने से पहले अब रिटर्निंग ऑफिसर से अनुमति लेनी होगी। चुनाव आयोग ने इस संबंध में कड़े निर्देश जारी किए हैं। आयोग ने माना है कि सोशल मीडिया और वेबसाइट भी रेडियो केबल टीवी के तहत इलेक्ट्रॉनिक मीडियम है। जिसपर किए जाने वाले चुनाव प्रचार को कानूनी रूप दिया जाना चाहिए, इसके अलावा राजनीतिक दलों की उम्मीदवारों से भी कहा है कि बगैर अनुमति के सोशल मीडिया का प्रयोग चुनाव प्रचार के लिए ना करें। निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में जारी दिशा निर्देश में स्पष्ट कहा गया है कि सोशल मीडिया एप पर कोई भी विज्ञापन या एप्लीकेशन देने से पहले इसका प्रमाणीकरण कर अनुमति ली जाए, यह अनुमति मीडिया सर्टिफिकेशन आफ मॉनिटरिंग कमेटी देगी।

### सोशल मीडिया पर दिए जाने वाले विज्ञापन का खर्च प्रत्याशी के चुनाव खर्च में होगा शामिल

करंट क्राइम। सोशल मीडिया पर दिए जाने वाले विज्ञापन का खर्च राजनीतिक अथवा प्रत्याशी के खर्चे में शामिल होगा। चुनावी खर्च में उन व्यक्तियों एवं टीम के वेतन व भत्ते भी शामिल होंगे जो उम्मीदवार या राजनीतिक दल का सोशल मीडिया अकाउंट या वेबसाइट संचालित करने का काम करते हैं। चुनाव आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया पर न केवल आचार संहिता लागू होगी बल्कि वेबसाइट और सोशल मीडिया अकाउंट पोस्ट की जाने वाली सामग्री इसके अधीन रहेगी।

### इन बातों का भी रखना होगा ध्यान

- सोशल मीडिया पर विज्ञापन पोस्ट करने से पहले निर्धारित प्रपत्र में आवेदन कर अनुमति लेनी होगी।
- सोशल मीडिया पर दी जाने वाली प्रचार सामग्री पर भी आचार संहिता लागू रहेगी।
- राजनीतिक दल या उम्मीदवार की ओर से वेबसाइट और अकाउंट संचालित करने वाली टीम के वेतन भत्ते का खर्च भी उसे चुनावी खर्च में शामिल किया जाएगा।
- टि्वटर, फेसबुक, यूट्यूब, विकिपीडिया और एप पर चुनावी विज्ञापन पर भी टीमों की नजर रहेगी।

# बागपत लोकसभा से सुर्खियों में गाजियाबाद के पूर्व विधायक का नाम

गाजियाबाद, करंट क्राइम। लोकसभा का महोत्सव आ रहा है और इसमें सभी से मतदान के लिए कहा जायेगा। लेकिन चुनाव लड़ने के लिए खुद कोशिशें करनी हैं। टिकट के लिए खुद प्रयास करने हैं और जिन्हें इस महोत्सव में एक खिलाड़ी के रूप में उतरना है वो टीम नहीं देखते बल्कि वो इलैक्शन में चुनाव के लिए अपना सलेक्शन देखते हैं। चुनाव के खिलाड़ी पांच साल इंतजार नहीं करते हैं वो चुनावी रण में उतरते हैं और अपनी टीआरपी को तौलते हैं। वो मंचों से बोलते हैं और राजनीति की पिच पर खुद को कायम रखते हैं। जिन्हें चुनाव लड़ना है वो चुनाव की टीम नहीं बल्कि इलैक्शन की थीम देखते हैं। सूत्र बताते हैं कि गाजियाबाद के एक पूर्व विधायक का नाम पड़ोस वाले जिले से चल रहा है और पूर्व विधायक का नाम टिकट के काफी नजदीक पहुंच गया है। सूत्र इस बात की तस्दीक कर रहे हैं और बता रहे है कि गाजियाबाद के पूर्व विधायक पड़ोस वाले जिले बागपत से इंडिया एलांयस गठबंधन के उम्मीदवार हो सकते हैं। उनका नाम इस समय पूरी सूर्खियों में चल रहा है। पूर्व विधायक चुनाव के खिलाड़ी हैं और पूरी गर्मजोशी के साथ चुनाव लड़ते हैं। राजनीति में वो उन चेहरों में है जो अपनी ताकत को चुनाव की तराजु पर तौलते हैं। सूत्र बता रहे हैं कि गाजियाबाद के इन पूर्व विधायक का नाम बागपत से इंडिया एलायंस गठबधन के लिए लगभग तय हो चुका है। कभी भी इस नाम की घोषणा हो सकती है। राजनीति में कुछ भी हो सकता है और ऐसे में टिकट किस करवट बैठेगा, ये जल्द ही खुलासा हो जायेगा।

> चुनाव के खिलाड़ी पांच साल इंतजार नहीं करते हैं वो चुनावी रण में उतरते हैं और अपनी टीआरपी को तौलते हैं।




▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि एक बात निकलकर आई है देर शाम बाहर? जनरली आने वाली तैयारियों को लेकर हलवाई हो गये हैं तैयार? कभी भी बन सकते हैं पकवान? कभी भी घोषित हो सकता है नाम? कहने वाले ने कहा हमें अंदर से हो गया है बहुत सारी जोरदार तैयारियों का एहसास? देखना अब ये है कि सबकुछ ठीक रहता है या फिर कुछ और होते हैं हालात? तैयारियां तो करा रहीं है ऑल इज वैल का एहसास?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि मंडल वाली मीटिंग को लेकर उस वक्त हो गये चौधरी साहब हैरान? जब शर्मा कमिश्नर ने दिया पेटीएम से किसी कार्रवाई को अंजाम? खर्चा हुआ था मीटिंग में 1500 रूपये का यार? चौधरी साहब ने पूरा हिसाब किताब मंडल कमिश्नर के पास भेजा था यार? कमिश्नर ने अपने हिसाब के 500 रूपये कर दिये पेटीएम से चौधरी साहब को शेयर? कहने वाले कह रहे हैं उफ ये कंजूसी अपने आप में ही है रेयर?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं आपसे हूं कह रहा? कुछ चुनिंदा चेहरों ने सबसे ताकतवर विधायक के आस-पास बना लिया है तगड़ा घेरा? घेरा बनाकर ये चुनिंदा मैम्बर चेहरे मार्किट में यही दे रहे हैं संदेश? ये थे, ये हैं आगे भी रहेंगे ताकतवर विधायक जी के सभी खास फेस? कहने वाले ने कहा अगर ये यूं ही चक्रव्यूह बनाकर रहेंगे साहब? तो फिर विधायक जी के करीब आने की चाहत रखने वाले बाकी चेहरे कैसे बन पायेंगे उनके खास?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि गाजियाबाद लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा आला-कमान ने लोकदल के शीर्ष नेतृत्व से भी मांगी थी मौजूदा वालों को लेकर गोपनीय रिपोर्ट? चर्चा ये है कि शीर्ष नेतृत्व वालों ने भी अपनी रिपोर्ट में की है खुलकर जनरली साहब की सपोर्ट? किसी भी तरीके का आला-कमान वालों ने नहीं दिया है नेगेटिव रिएक्ट? कहा है जो हैं वो अपने आप में ही हैं काफी परफैक्ट?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि आप उनकी मुलाकातों को सामान्य तौर पर मत लो साहब? उन्होंने बधाई देने के अलावा पार्टी के बड़े चेहरों से की है एक विशेष उद्देश्य को लेकर लगातार मुलाकात? अपनी मुलाकात में उन्होंने किया है क्षेत्र और अपने साथियों के दिल का हाल-ए-दिल बयान? कहा है कुछ तो आपको हमारी भी बात पर विश्वास करना पड़ेगा श्रीमान? देखना अब ये है कि इस मुलाकात का क्या असर दिखेगा यार? वो अपना काम पूरी शिद्दत से कर चुके हैं? अब तो है बस घोषणा का इंतजार?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि हाथ वाले दल में बनेगी किसकी बात? इस पर सस्पेंस बहुत जबरदस्त दे रहा है दिखाई? इस सस्पेंस के बीच एक बात है बाहर निकल कर आई? सुना है डॉक्टर साहब ने प्रदेश कार्यालय पर जाकर राय जी से कर ली है मुलाकात? मुलाकात के दौरान वो लेकर गये थे 100 गाड़ियां अपने साथ? देखना अब ये है कि डॉक्टर साहब का ये शक्ति प्रदर्शन क्या दिखायेगा असर? मामला उनका मजबूत चल रहा है? नहीं छोड़ी है उन्होंने कोई भी कसर?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब साहब करने पहुंचे थे बड़े वाले घर पर करने के लिए मुलाकात? सुना है इस मुलाकात का हो गया था एक विधायक जी को एहसास? उन्होंने अपनी जिज्ञासा को जानने के लिए मिला दिये थे कई जगह फोन? उन्हें लग रहा था कि आशीर्वाद मिल गया है? कुछ जिज्ञासाएं प्रकट कर रहीं थी उनकी टोन? देखना है उनकी जिज्ञासा का क्या आता है अब उत्तर? क्योंकि उन्होंने भी किसी को रोकने के लिए वार किये हैं रूक-रूक कर?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम इन दिनों सोशल चौकीदार की वीडियो को बहुत ही गौर से देखते हैं? वो बात एकदम सटीक करते हैं? बिल्कुल भी नहीं फेंकते हैं? हाल ही में उन्होंने अपनी फीलिंग की एक वीडियो सोशल मीडिया पर की थी शेयर? इस वीडियो में उन्होंने मंत्री सुनील शर्मा और मंत्री नरेन्द्र कश्यप की सौम्यता की की थी तारीफ? मगर उन्हें जिस तीसरे चेहरे से कष्ट हुआ था, छुपा गये उनका वो वीडियो में नाम? लगता है उन्होंने ये कड़वा घूंट खुद ही पी लिया? उजागर नहीं कर पाये वो पीड़ा देने वाले का नाम?


▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं था किंग सिटी वाले होली मिलन कार्यक्रम में मौजूद? मुझे यहां पर जनरली साहब के पक्ष और विपक्ष वालों का दिखाई दे रहा था वजूद? मैंने देखा वो भी चेहरे साहब के साथ मंच कर रहे थे शेयर? जो तरूण जी के अरूण की खूब करते हैं केयर? कहने वाले ने कहा मैं उनकी इस दोतरफा अदा को देखकर था बहुत ज्यादा हैरान? सामान्य ही रहना चाहिए ऐसे चेहरों को जो करते हैं दोनों तरफ का गुणगान? मंच पर खूब बिखेर रहे थे ये चेहरे सम्मोहक करने वाली मुस्कान?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि बेनीवाल जी की ताकत बढ़ने के बाद भगवा युवा तोमर भी करा रहे हैं अपनी शक्ति का एहसास? कह रहे हैं उनके ताकतवर होने, ताकतवर हो गया है मेरा भी फेस? अब मुझे किसी और चौखट पर जाकर माथा टेकने की जरूरत ही नहीं है? उनके मजबूत होते ही मजबूत हो गया है रियली मेरा भी बेस?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## संपादकीय

# भारत की स्थिति में सुधार




संयुक्त राष्ट्र ने मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) के ताजा आंकड़े जारी किए। इनमें भारत की स्थिति में लगातार दो वर्ष की गिरावट के बाद बड़ा सुधार देखने को मिला है। गुरुवार को जारी एचडीआई पर भारत की रैंकिंग 2022 में एक स्थान सुधरकर 193 देशों में 134वें स्थान पर पहुंच गई है, जबकि 2021 में 191 देशों में से यह 135वें स्थान पर थी। मानव विकास से जुड़े ताजा आंकड़ों में भारत में जीवन प्रत्याशा, शिक्षा और प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय (जीएनआई) में सुधार आया है।

लोगों में जीने की चाह और कमाई में बढ़ोतरी हुई है। उल्लेखनीय है कि 1990 के बाद से, जन्म के समय जीवन प्रत्याशा 9.1 वर्ष बढ़ गई है, स्कूली शिक्षा के अपेक्षित वर्ष में 4.6 वर्ष का और औसत वर्ष में 3.8 वर्ष का इजाफा हुआ है। भारत की प्रति व्यक्ति जीएनआई लगभग 287 प्रतिशत बढ़ी है।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने कहा कि लैंगिक असमानता सूचकांक (जीआईआई-2022) में 14 रैंक की छलांग देश के लिए अहम है। पिछले 10 वर्षों में, जीआईआई में भारत की रैंक लगातार बेहतर हुई है, जो देश में स्त्री-पुरुष समानता हासिल करने में प्रगतिशील सुधार का संकेत देती है। 2014 में यह रैंक 127 था, जो अब 108 हो गई है।

भारत ने लैंगिक असमानता को कम करने में भी बड़ी सफलता हासिल की है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत का प्रदर्शन इसको वैश्विक और दक्षिण एशियाई औसत से बेहतर रहा है। यह सरकार के दीर्घकालिक सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक विकास के उद्देश्य का परिणाम है जिसके तहत नीतिगत पहलों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण सुनिश्चित करने के लिए निर्णायक एजेंडा निर्धारित किया गया।

यूएनडीपी गरीबी उन्मूलन, असमानता को कम करने हेतु लगभग 70 देशों में कार्य करता है। देश के विकास को बढ़ावा देने के लिए नीतियों, नेतृत्व कौशल, साझेदारी क्षमताओं तथा संस्थागत क्षमताओं को विकसित करने और लचीलापन बनाने में मदद करता है। सूचकांक की गणना तीन प्रमुख संकेतकों-जीवन प्रत्याशा, स्कूली शिक्षा के अपेक्षित वर्ष, शिक्षा के औसत वर्ष और प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय के अंतर्गत की जाती है। यानि जीवन में चौतरफा विकास से जुड़े अलग-अलग पहलुओं का अध्ययन करने के बाद यह सूचकांक तैयार किया जाता है। यह रिपोर्ट भारत के लिए इसलिए खास मानी जा रही है क्योंकि रिपोर्ट में मानव जीवन के विकास से जुड़े दूसरे अलग-अलग पहलुओं का भी गहन अध्ययन कर उनको भी इंडेक्स में शामिल कर सिलसिलेवार तरीके से उल्लेख किया गया है।

# 150 पर जाएगा यह शेयर, अभी बेहद सस्ता है भाव, 1 लाख को बना चुका है 15 करोड़



**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में लंबी अवधि के निवेशकों को तगड़ा मुनाफा होता है। आज हम आपको एक ऐसे शेयर के बारे में बता रहे हैं जिसने लंबी अवधि में अपने निवेशकों को तगड़ा मुनाफा कराया है। हम बात कर रहे हैं- संवर्धन मदरसन इंटरनेशनल लिमिटेड के शेयर ती है की। संवर्धन मदरसन इंटरनेशनल लिमिटेड के शेयर लंबी अवधि में 138,900% से अधिक का रिटर्न दिया है। वर्तमान में इस शेयर की कीमत 111.20 रुपये है। हालांकि, ब्रोकरेज के मुताबिक इस शेयर में अभी और तेजी आ सक।

**कभी 0.080 पैसे का था शेयर**

आपको बता दें कि संवर्धन मदरसन इंटरनेशनल लिमिटेड के शेयरों की कीमत साल 1999 में 1 पैसे से भी कम था। वर्तमान में यह शेयर 111.20 रुपये का है। यानी इस दौरान इसने अपने निवेशकों को 138,900% का तगड़ा रिटर्न दिया है। इसका मतलब है कि लगभग 25 साल पहले अगर किसी निवेशक ने इस शेयर में 1 लाख रुपये लगाए होते तो उन्हें वर्तमान में 15 करोड़ रुपये तक का मुनाफा कराया है। सालभर में यह शेयर 64.01% चढ़ा है।

**क्या है ब्रोकरेज की राय**

ब्रोकरेज फर्म प्रभुदास लीलाधर इस शेयर पर बुलिश हैं और इसे खरीदने की सलाह दे रहे हैं। ब्रोकरेज ने इस शेयर पर 150 रुपये प्रति शेयर के टारगेट प्राइस के साथ काउंटर पर 'बाय' कॉल दिया है। 31-12-2023 को समाप्त तिमाही के लिए कंपनी ने 25752.26 करोड़ रुपये की समेकित कुल आय दर्ज की, जो पिछली तिमाही की कुल आय 23639.16 करोड़ रुपये से 8.94% अधिक है। पिछले वर्ष की इसी तिमाही की कुल आय 20348.32 करोड़ रुपये से 26.56% अधिक है। कंपनी ने नवीनतम तिमाही में 569.20 करोड़ रुपये का कर पश्चात शुद्ध लाभ दर्ज किया। 31-दिसंबर-2023 तक कंपनी में प्रमोटरों की 64.78 फीसदी हिस्सेदारी थी, जबकि एफआईआई के पास 10.78 फीसदी, डीआईआई के पास 15.27 फीसदी हिस्सेदारी थी।

# इस सरकारी स्कीम पर टूट पड़े लोग 78 हजार का मिल रहा फायदा

**नई दिल्ली।** पीएम-सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के तहत अब तक 1 करोड़ से ज्यादा परिवारों ने रजिस्ट्रेशन करा लिए हैं। इस उपलब्धि से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी गदगद हैं। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- इस योजना के लॉन्च होने के एक महीने में 1 करोड़ से अधिक परिवारों ने पहले ही पीएम-सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करा लिया है। किस राज्य में 5 लाख से अधिक रजिस्ट्रेशन पीएम मोदी ने आगे कहा कि देश के सभी हिस्सों से रजिस्ट्रेशन हो रहे हैं। असम, बिहार, गुजरात, महाराष्ट्र, ओडिशा, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश में 5 लाख से अधिक रजिस्ट्रेशन देखे जा चुके हैं। जिन लोगों ने अभी तक रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है वे शीघ्र यहां http://pmsuryaghar.gov.in/ करा लें। पीएम मोदी ने कहा कि यह अनूठी पहल ऊर्जा उत्पादन सुनिश्चित करने के साथ-साथ परिवारों के लिए बिजली व्यय में पर्याप्त कटौती के लिए प्रतिबद्ध है। यह पहल इस धरती को विशाल स्तर पर पर्यावरण अनुकूल वातावरण प्रदान करने के पर्यावरण के लिए जीवन शैली (एलआईएफई) में योगदान करने के लिए तैयार है। योजना की डिटेल पीएम-सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के जरिए 1 करोड़ घर के छत पर सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य है। योजना के तहत लाभार्थी को सरकार अलग-अलग कैटेगरी में 78,000 रुपये तक की सब्सिडी देती है। इससे लाभार्थी को 300 यूनिट फ्री बिजली मिलेगी, जिससे सालाना 18 हजार रुपये बचत का अनुमान है। बता दें कि योजना के तहत 1 किलोवाट क्षमता वाले सोलर पैनल के लिए 30,000 रुपये, 2 किलोवाट क्षमता वाले पैनल के लिए 60,000 रुपये और 3 किलोवाट या उससे अधिक वाले पैनल के लिए 78,000 रुपये की सब्सिडी मिलती है।

# 3 दिन में 17 रुपए सस्ता हुआ पेट्रोल, कहां कितनी है कीमत?



**नई दिल्ली।** पिछले एक सप्ताह में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 2 बार बड़ी कटौती की गई है। पहले गुरुवार को देशभर में 2 रुपये की कटौती की गई तो शनिवार को लक्षद्वीप में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 15.3 रुपये प्रति लीटर तक की कटौती की गई। दरअसल, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने सुदूर द्वीपों तक ईंधन पहुंचाने के लिए विशेष बुनियादी ढांचा तैयार किया है। इसके लिए हुए खर्च की वसूली के लिए लागू अतिरिक्त शुल्क को हटाने से पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कमी हुई है। किस द्वीप पर कितनी कीमत पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लक्षद्वीप के एंड्रोट और कल्पेनी द्वीपों में 15.3 रुपये प्रति लीटर और कावारत्ती तथा मिनिकॉय में 5.2 रुपये प्रति लीटर की कटौती की गई है। कावारत्ती और मिनिकॉय में पेट्रोल की कीमत पहले के 105.94 रुपये प्रति लीटर से घटाकर 100.75 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है। एंड्रोट और कल्पेनी में पेट्रोल की कीमत 116.13 रुपये प्रति लीटर से घटाकर 100.75 रुपये प्रति लीटर कर दी गई है। इसी तरह, कावारत्ती तथा मिनिकॉय में डीजल की दरें पहले के 110.91 रुपये से घटकर 95.71 रुपये प्रति लीटर और एंड्रोट तथा कल्पेनी में 111.04 रुपये से घटकर 95.71 रुपये प्रति लीटर हो गई हैं। नयी दरें 16 मार्च से प्रभावी हो गई हैं। पेट्रोलियम मंत्रालय ने पोस्ट में कहा-लक्षद्वीप में आईओसी चार द्वीपों- कावारत्ती, मिनिकॉय, एंड्रोट और कल्पेनी को पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति कर रही है। आईओसी के पास कावारत्ती और मिनिकॉय में डिपो हैं, और इन डिपो में उत्पाद की आपूर्ति केरल के कोच्चि में स्थित आईओसी डिपो से की जाती है। दिल्ली में कितनी है कीमत राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पेट्रोल की कीमत अब 94.72 रुपये प्रति लीटर है। वहीं डीजल 87.62 रुपये में मिल रहा है। इन पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें करीब दो साल से स्थिर बनी हुई थीं। बता दें देश में आज सबसे सस्ता पेट्रोल पोर्टब्लेयर में 82.42 रुपये और डीजल 78.01 रुपये लीटर बिक रहा है।

# रेलवे से जुड़ी कंपनी को मिला 130 करोड़ का ऑर्डर



**नई दिल्ली।** रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया को राज्य परियोजना निदेशक (एसपीडी) बिहार शिक्षा परियोजना परिषद (BEPC) से कार्य ऑर्डर मिला है। पीएसयू ने स्टॉक एक्सचेंजों को सूचित किया कि ऑर्डर में टैक्स समेत 130 करोड़ वैल्यू का कॉन्ट्रैक्ट शामिल है। रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के शेयर बीते शुक्रवार को 4% चढ़कर 352.85 रुपये पर पहुंच गए।

कंपनी ने क्या कहा? यह कंपनी द्वारा ओडिशा कंप्यूटर एप्लीकेशन सेंटर (OCAC) से 113.46 करोड़ से अधिक का कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने के बाद आया है। इससे पहले मार्च में कंपनी ने कहा था कि उसे मौजूदा कमांड कंट्रोल सेंटर को यूनिफाइड कमांड कंट्रोल सेंटर में अपग्रेड करने और राज्य परिवहन प्राधिकरण, ओडिशा के लिए इंटेलिजेंट एनफोर्समेंट मैनेजमेंट सिस्टम (आईईएमएस) के कार्यान्वयन के लिए राज्य परिवहन प्राधिकरण से वर्क ऑर्डर मिला है। शेयरों में तेजी की वजह रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के शेयर छह महीने में 63.21% चढ़ गए। सालभर में यह शेयर 243.07% चढ़ गया है। इस दौरान इसकी कीमत 102 रुपये से चढ़कर 352.85 रुपये तक पहुंच गई। पांच साल में यह शेयर 190.77% चढ़ा है।

**ब्रोकरेज की राय**

तकनीकी एनालिस्ट ने बड़े पैमाने पर सुझाव दिया कि दैनिक चार्ट पर स्टॉक 'मंदी' वाला दिखता है। समर्थन 336 रुपये पर देखा जा सकता है, इसके बाद 325 रुपये, 300 रुपये और 280 रुपये का स्तर देखा जा सकता है। उच्च स्तर पर तत्काल प्रतिरोध 365-370 रुपये क्षेत्र के पास पाया जा सकता है। टिप्स2ट्रेड्स के एआर रामचंद्रन ने कहा, दैनिक चार्ट पर रेलटेल स्टॉक की कीमत 395 रुपये पर मजबूत प्रतिरोध के साथ मंदी की स्थिति में दिख रही है। 336 रुपये के समर्थन के नीचे दैनिक बंद होने से निकट अवधि में 288 रुपये का निगेटिव टारगेट हो सकता है।

# जोमैटो को 8.57 करोड़ का जीएसटी नोटिस मिला

**मुंबई।** फूड डिलीवरी कंपनी जोमैटो को 8.57 करोड़ रुपए से ज्यादा का जीएसटी ऑर्डर मिला है। गुजरात स्टेट टैक्स के डेप्युटी कमिश्नर ने फाइनेंशियल ईयर 2018-19 के संबंध में कंपनी को यह ऑर्डर जारी किया है।

जोमैटो ने रेगुलेटरी फाइलिंग में बताया कि ऑर्डर में कंपनी से 4,11,68,604 रुपए के जीएसटी का पेमेंट करने को कहा गया है। इसके साथ 4,04,42,232 रुपए का ब्याज और 41,66,860 रुपए का जुमार्ना भरने को भी कहा गया है। टोटल यह अमाउंट 8,57,77,696 रुपए होता है। यह आदेश जीएसटी रिटर्न्स और अकाउंट्स के ऑडिट के बाद आया है।

जोमैटो ने कहा कि जीएसटी ऑर्डर CGST Act 2017 के सेक्शन 73 और GGST Act 2017 के तहत जारी हुआ है। आदेश में कहा गया कि ऑडिट में पाया गया कि कंपनी ने एडिशनल इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ लिया और जीएसटी का कम भुगतान किया।

## राशिफल

- **मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।
- **वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।
- **मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।
- **कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।
- **सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।
- **कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।
- **तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।
- **वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।
- **धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।
- **मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।
- **कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।
- **मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

मोनू अपने दोस्त को समझा रहा था कि जो अमृत पीते हैं, उन्हें देव कहते हैं।
जो विष पीते हैं, उन्हें महादेव कहते हैं।
और जो गुस्सा पीते हैं, उन्हें 'पतिदेव' कहते हैं।

---

पापा नाश्ता कर रहे थे और अचानक फोन बजा...
पापा- मेरे ऑफिस से होगा, पूछे तो बोल देना मैं घर पर नहीं हूं।
बेटी (फोन उठकर)- पापा घर पर ही हैं।
पापा- अरे मैंने तो कहा था कि मना कर देना।
बेटी- अरे, फोन मेरे लिए था।

---

मिंटू- भाई मुझे हाथ देखना आता है।
चिंटू- अच्छा मेरा देख जरा।
मिंटू- तुम्हारी हस्तरेखा बताती है कि तुम्हारे घर के नीचे बहुत धन है।
चिंटू- ठीक कहा आपने, मेरे घर के नीचे बैंक की ब्रांच है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- माउंट एवरेस्ट पर 200 मृत शरीर हैं, जो अब शीर्ष के रास्ते पर मौजूद हैं।
- माउंट एवरेस्ट न केवल पर्वतारोहियों की लाशों से बनी है, लेकिन अनुमानित 50 टन कचरा, यह दुनिया का सबसे गन्दा पर्वत बना रहा है।
- ऐतिहासिक रूप से, हर 100 पर्वतारोहियों के लिए जिन्होंने इसे माउंट एवरेस्ट के शिखर तक अपनी पहुँच बनायीं है, 4 की मृत्यु हो गई है।
- माउंट एवरेस्ट पर चढ़ते हुए 65,000 अमेरिकी डॉलर का खर्च आता है। माउंट एवरेस्ट के शीर्ष पर पानी का उबलते बिंदु 71 डिग्री सेल्सियस है।
- माउंट एवरेस्ट प्रत्येक वर्ष 0.1576 इंच (4 मिमी) बढ़ता है।
- माउंट एवरेस्ट तक मार्ग पर उच्च गति वाला इंटरनेट है।
- नेपाल में 2015 भूकंप के कारण माउंट एवरेस्ट ने एक इंच (2.5 सेमी) सिकुड़ गया है।
- माउंट एवरेस्ट को 'ईव-रेस्ट' कहा जाता है, 'एवर-एस्ट' नहीं, जैसा कि इसका नाम जॉर्ज एवरेस्ट के नाम पर है।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# धार्मिक आयोजनों में भी लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करें: सीडीओ अभिनव गोपाल



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** रविवार को जयपुरिया ग्रीन्स सोसायटी क्लब में उजागर फाउंडेशन में लोकसभा चुनावों में शतप्रतिशत मतदान करने के उद्देश्य से डीवीएफ ट्रांस हिंडन के साथ मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में ट्रांस हिंडन की विभिन्न आरडब्ल्यूए , एओए, सोसायटियों के प्रतिनिधि शामिल रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीडीओ अभिनव गोपाल ने कहा कि चुनावी रणभेरी बज गयी है।

गाजियाबाद में 26-अप्रैल को मतदान होना है। गाजियाबाद का मत प्रतिशत अन्य जनपदों के मुकाबले काफी कम रहता है, जोकि चिंता का विषय है। मत प्रतिशत बढ़े सभी मतदाता मतदान कर सकें इसके लिए हम सभी को मिलकर साझा प्रयास करना होगा। मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रशासन ने नए पोलिंग सेंटर बनाये है। उम्रदराज लोगों व दिव्यांगों को मतदान में परेशानी न हो इसके लिए उनके घर से ही वोट डलवाने की व्यवस्थता की गयी है। ऐसे लोगों के लिए 12-डी फार्म भरना होगा।

**उम्रदराज लोगों व दिव्यांगों को मतदान में परेशानी न हो इसके लिए उनके घर से ही वोट डलवाने की व्यवस्थता की गयी है। ऐसे लोगों के लिए 12-डी फार्म भरना होगा।**

मुख्य विकास अधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमारे यहां मतदान से पूर्व ही होली, ईद व नवरात्रि त्योहारों के धार्मिक आयोजन है। हम सभी इन त्योहारों पर भी मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक कर सकते हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित लोगों से उनके सुझाव मांगे और उनके जवाब भी दिए।

इस अवसर पर जयपुरिया सनराइस ग्रीन की टीम प्रथम के सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। उपस्थित लोगों में अरविंद सिंह,सुचित सिंघल, गजेंद्र रावत,शशि शेखर पांडे, किरण सेठ, पिसी कुकरेती, अंगदराज, रत्न शर्मा, भरत उपमन्यू, शलभ गुप्ता, एडवोकेट फुजैल खान, एडवोकेट फैज मोहम्मद, साजिद मलिक, वरुण कुमार, विभूति कृष्ण, मनमोहिनी चंद्रिका, सरिता शर्मा, डीवीएफ कोर्डिनेटर आनन्द सिंह, तनुज गम्भीर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महासचिव सचिन सोनी ने किया व अध्यक्ष शिवानी जैन ने मौजूद अतिथियों का आभार प्रकट किया।

## ब्राह्मण महासभा एवं प्राइवेट चिकित्सक वेलफेयर एसोसिएशन ने मनाया होली मिलन समारोह



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** रविवार को अवंतिका गणपति फार्महाउस में विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा एवं प्राइवेट चिकित्सक वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में होली मिलन समारोह मनाया गया। भगवान परशुराम एवं धन्वंतरी भगवान के चित्र पर ज्योति प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर संस्था के बीके शर्मा हनुमान ने कहा कि होली सिर्फ त्योहार ही नहीं है अपितु पाप पर पुण्य की विजय और अधर्म पर धर्म की विजय का भी त्योहार है। कार्यक्रम में एक दूसरे को गुलाल व चंदन का टीका लगाकर होली की शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर विश्व ब्राह्मण महासभा के संस्थापक कार्यकारी अध्यक्ष महेश कुमार शर्मा, कपिल पंडित राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अलोकचंद शर्मा , लोकेश कौशिक राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, संस्थापक उपाध्यक्ष आरसी शर्मा, संगठन मंत्री मनोज शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनीत कुमार शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला शक्ति प्रकोष्ठ, सीमा भार्गव, शिवकुमार शर्मा संगठन मंत्री सागर शर्मा राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय कौशिक राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी राहुल शर्मा राष्ट्रीय संयोजक, पंडित मनमोहन शर्मा गाजियाबाद जिला अध्यक्ष अंकित शर्मा, राष्ट्रीय महासचिव, देवाशीष ओझा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, जिला अध्यक्ष नोएडा नितिन शर्मा, प्रदेश प्रभारी चेतन पंडित, पंडित नानक चंद शर्मा पंडित बीपी शर्मा, छोटेलाल कनौजिया जूडो करतो के अध्यक्ष अनिल कौशिक वरिष्ठ समाज सेवी एवं उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री प्रतिनिधि सौरभ जयसवाल मनोज तिवारी राष्ट्रीय संयोजक राजीव शर्मा,सहित सैकड़ो समाज के गण मन लोग उपस्थित थे।

## प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के सदस्य राज नारायण शुक्ला का किया अभिनन्दन



**गाज़ियाबाद करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के नवनियुक्त सदस्य प्रो० राज नारायण शुक्ला का उ०प्र० अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य व भाजपा के पूर्व महानगर संयोजक सरदार एस पी सिंह, पूर्व पार्षद संजीव शर्मा, पूर्व मनोनीत पार्षद देवेन्द्र अग्रवाल व लेक्चरर नवीन भार्गव ने पुष्प गुच्छ देकर अभिनन्दन किया व उनकी नियुक्ति पर प्रसन्नता जाहिर की। इस अवसर पर श्री सिंह ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश में नवगठित इस नये चयन आयोग से शिक्षा का स्तर पहले से और बेहतर होगा। उल्लेखनीय है कि श्री शुक्ला इससे पूर्व उत्तर प्रदेश राजभाषा संस्थान के अध्यक्ष व स्थानीय शम्भु दयाल कॉलेज में प्रोफेसर भी रह चुके हैं।

# विश्व संवाद केन्द्र ने कवियों व पत्रकारों संग खेली फूलों की होली, बिखरे शब्दों के रंग



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** रविवार को वसुंधरा स्थित ओलिव काउंटी सोसाइटी में विश्व संवाद केन्द्र पत्रकार होली मिलन समारोह का आयोजन किया। होली मिलन समारोह की शुरूआत भारत माता और महर्षि नारद के चित्र के समक्ष ब्रजेश कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। समारोह में जहां कवियों ने होली की रचनाओं से श्रोताओं को गुदगुदाया, वहीं विभिन्न समाचार और मीडिया जगत से जुड़े पत्रकारों ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। पत्रकारों और कवियों ने बाद में फूलों की होली खेली। साथ ही ब्रज के रसिया, गीतों और मल्हारों पर होली का आनन्द उठाया।

कवि हरिश्चंद्र सिंह 'हरीश' ने सुनाया कि झूठों की महफिल में रहकर मैं भी सच्चा बन जाता हूं। वहीं, कवि दिलीप चौरसिया ने अवध नगरिया राह तक रही थी धामों के धाम की, जय बोलो श्री राम की। कवि शिवकुमार चौरसिया 'शिव' की होली पर रचना कोई पीता भांग धतूरा, कोई विस्की रम, ये होली का मौसम, ये होली का मौसम को खूब सराहा गया। कवि आर पी शर्मा की हास्य व्यंग की रचनाओं में रंग पे रंग लगे इतने कि हर पल रंगीन बना गई होली। इस अवसर पर कवियों और पत्रकारों के अलावा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक कैलाश चंद, हरनंदी महानगर संघचालक प्रदीप कुमार, महानगर प्रचारक ललित शंकर, महानगर प्रचार प्रमुख धीरज सिंह, महानगर प्रचार प्रमुख अमित शर्मा, महानगर सह प्रचार प्रमुख करुण कपिल, हरनंदी महानगर संपर्क प्रमुख प्रमित आदि सहित प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एबीईएस इंजीनियरिंग कॉलेज में वार्षिकोत्सव की रही धूम



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** एबीईएस इंजीनियरिंग कॉलेज में रविवार को छठा वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एनएनडी की चेयरपर्सन प्रतिभा अग्रवाल एवं माउंट लिट्रा जी स्कूल की प्रिंसिपल इन्दु शर्मा के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर किडजी की डायरेक्टर नीति अग्रवाल एवं सभी अभिभावकों के द्वारा महान शिक्षाविद एवं एन एन डी के भूतपूर्व चेयरपर्सन स्व० अभय अग्रवाल को श्रद्धांजलि दी गई। एनएनडी किडजी के मैनेजिंग डायरेक्टर अंकुर अग्रवाल ने बताया कि इस बार का वार्षिकोत्सव वसुधैव कुटुंबकम के विषय पर मनाया गया जिसमे ६०० से अधिक बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने नृत्य और संगीत नाटिका के माध्यम से विश्व की ग्लोबल वार्मिंग, जल प्रदूषण तथा आतंकवाद जैसी समस्याओं के प्रति सबका ध्यान आकर्षित कराते हुए अमेरिका, अफ्रीका, ब्राजील, अर्जेंटीना इत्यादि जैसे देशों की संस्कृति को अपने जबरदस्त परफॉर्मेंस से दर्शाया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जी लर्न के वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक शुभम रहे। इस कार्यक्रम में माउंट लिट्रा जी स्कूल के डायरेक्टर रामानुज मिश्रा, रोहित अरोड़ा, एडमिन हेड अखिलेश वर्मा, तथा सभी अध्यापिकाएं उपस्थित रहीं।

## उत्तराखंड धरोहर समिति ने किया होली मिलन समारोह



करंट काइम। वैशाली वार्ड 89 में उत्तराखंड धरोहर समिति द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने शिरकत की। इस मौके पर क्षेत्रीय पार्षद राजकुमार भाटी ने कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। पूर्व पार्षद मधु भाटी, गीता भाटी समिति के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पार्षद राहुल शर्मा ने किया विकास कार्य का उद्घाटन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 80 के पार्षद राहुल शर्मा ने राजेंद्र नगर आरएम ब्लॉक सेक्टर 2 में इंटरलॉकिंग टाइल कार्य का उद्घाटन किया। पार्षद राहुल शर्मा ने सेक्टरवासियों से कहा कि आपके वार्ड में जो भी जनसमस्याएं हैं, उन्हें दुरुस्त किया जाएगा। जर्जर सड़कों का जीर्णोद्धार होगा, ताकि लोगों को आवागमन में दिक्कत न हो। उन्होंने कहा कि समय-समय पर सीवरों की साफ-सफाई भी कराई जाती है। इस अवसर पर प्रेम शर्मा वार्ड अध्यक्ष, नरेंद्र शर्मा मंडल उपाध्यक्ष, अजय सिंह, संदीप चौधरी, संजय अरोड़ा, जितेंद्र वर्मा, मोहित, राम सिंह रावत, अमित कुमार, कृष्ण पाल सिंह, सुनील तोमर, दीपक गुप्ता, प्रज्ञा शर्मा, रामकिशन, भूदत्त शर्मा, युवा नेता श्याम शर्मा आदि मौजूद रहे।

## गोविंदपुरम सनातन धर्म मंदिर सेवा समिति ने किया होली मिलन समारोह



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गोविंदपुरम सनातन धर्म मंदिर सेवा समिति का होली मिलन समारोह शिव हनुमान मंदिर परिसर में रविवार को धूमधाम से मनाया। इस दौरान चंदन से तिलक कर और गुलाब की पंखुड़ियां से होली खेली गई। सभी ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व सांसद डॉ. रमेश चंद्र तोमर रहे। इसके अलावा प्रदीप शर्मा, बबलू, रणवीर सिंह, कुलदीप कुमार, आकाश सिंघल, संजय सिरोही, नरेंद्र सेंगर, ब्रजवीर राघव, सुनील मढैया, देवेंद्र सिंह एडवोकेट, पिंटू तोमर, दीपक चौहान का मंदिर समिति के अध्यक्ष डीपी राणा ने स्वागत किया।

# राष्ट्रीय सेविका समिति का होली मिलन समारोह किया गया



**साहिबाबाद करंट क्राइम।** राष्ट्रीय सेविका समिति द्वारा वैशाली सेक्टर 1 में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुंदरकांड का पाठ और उसके बाद रंगो- गुलाल लगाया गया। क्षेत्रीय पार्षद कुसुम गोयल ने कार्यक्रम में आए सभी आगन्तुकों को रंग लगाकर होली की बधाई दी। इस अवसर पर पूर्व पार्षद डॉक्टर मनोज गोयल, महानगर सह संपर्क प्रमुख दीपिका शर्मा, भाग कार्यवाहिका अपर्णा, भाग सह प्रमुख प्रीति धनकर, शारीरिक प्रमुख पंकज, भाग सह कार्यवाहिका निशि, शाखा कार्यवाहिका छवि वशिष्ठ, प्रियंका शर्मा, चित्रा चौधरी, स्वर्णिमा अग्रवाल, विमल भट्ट, पवित्रा, अंजू शर्मा, पंकज उपासना , पूजा शर्मा, प्रार्थना जुयाल व किरण सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित





**साहिबाबाद करंट क्राइम।** रविवार को अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा द्वारा होली मिलन समारोह एवं जिला और महानगर गाजियाबाद के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत एवं सम्मान कार्यक्रम रामप्रस्था ग्रीन्स वैशाली पर्ल कोर्ट क्लब में आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता चौधरी बलबन्त सिंह यादव द्वारा की गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति रविन्द्र सिंह यादव पूर्व अध्यक्ष राज्य विधि आयोग, विशिष्ट अतिथि कप्तान सिंह यादव, राजपाल यादव तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति सुंदर लाल यादव, सत्यप्रकाश यादव, राकेश यादव, शिवकुमार यादव, वीरेंद्र यादव महानगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी, महेश यादव कामरेड छपरौला ,कनई सिंह यादव, इंद्रपाल ठेकेदार, नरेश यादव, अधिवक्ता सचिन यादव, रामनिवास यादव उपस्थित रहे। आयोजनकर्ता जितेन्द्र यादव जिला अध्यक्ष एवं प्रमुख महासचिव नीरज यादव एवं नितिन यादव , महानगर प्रमुख महासचिव शिवदयाल यादव ने समस्त कमेटी का आभार व्यक्त किया।

## मंदिर परिसर से सैकड़ों पेड़ काटने की रिपोर्ट

मुरादनगर करंट क्राइम। नगर क्षेत्र के गांव सुराना स्थित घूमेश्वर महादेव शिव मंदिर परिसर से 106 पेड़ काटने का मामला सामने आया है। वन दरोगा ने मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष सहित छह के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। वन विभाग के उपनिरीक्षक महेन्द्र प्रताप ने बताया कि शिकायत मिली थी कि गांव सुराना स्थित घूमेश्वर महादेव शिव मंदिर परिसर से कीमती पेड़ काटकर बेच दिए हैं। उन्होंने बताया कि जब इसकी जांच की गई तो पता चला कि 76 वृक्ष सागौन , 17 अशोक, 6 सिल्वर ओक, अमतलाश के दो, कंजी के छह वृक्ष बिना अनुमति के काटे गए है। उन्होने बताया कि जांच सही पाए जाने पर थाने में तहरीर दी गई। एसीपी ने बताया कि तहरीर के आधार पर उपप्रबंधक पुत्र नीरज यादव, कोषाध्यक्ष सोराज निवासी गांव सुराना, अकरम, मोनू निवासी गांव खैराजपुर व सादाब, कादिर निवासी रसूलपुर धौलड़ी थाना जानी मेरठ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी गई है।


# मण्डल स्तर पर बूथ प्रबंधन बैठक सम्पन्न



**लोनी करंट क्राइम।** राम विहार मण्डल एवं संगम विहार मण्डल में बूथ प्रबंधन के संबंध में शक्तिकेन्द्र संयोजक प्रभारी और बूथ अध्यक्षों की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष सत्यपाल प्रधान ने की। बैठक में अपने अपने क्षेत्र में लाभार्थियों से सम्पर्क करना और आगामी चुनाव में अपनी लोकसभा को बहुमत से जिताने पर चर्चा की गई। बैठक को लोकसभा चुनाव के गाजियाबाद प्रभारी विजय शुक्ला का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि 2014 के बाद आज तक जो परिवर्तन हुआ है वह भारत का स्वर्णिम काल खण्ड रहा। आने वाले समय में भारत विश्वगुरू बनेगा जिसके हम साक्षी बनेंगे।

कार्यक्रम में विधानसभा प्रभारी सत्यवीर राघव,सह प्रभारी प्रशांत कुमार,विधानसभा संयोजक एवं जिला महामंत्री अनूप बैसला,जितेंद्र चितौड़ा,सह संयोजक नितिन मावी,लोकसभा विस्तारक अंकित,विधानसभा विस्तारक वरदान विनय,रामभूल शर्मा, जिलामंत्री आकाश गौतम,राहुल बैसला, राम विहार मंडल अध्यक्ष सुदेश भारद्वाज, संगम विहार मंडल अध्यक्ष कृष्ण बंसल, आर.सी.अग्रवाल, मिडिया प्रबंधन से ब्रह्ममेश तिवारी,भाजयुमो जिलाध्यक्ष हिमांशु शर्मा,ओबीसी जिला संयोजक सचिन जांगिड़,अनूसूचित मोर्चा संयोजक प्रदीप गहलोत , किसान मोर्चा भाजयूमो जिला उपाध्यक्ष कुलदीप सोलंकी, जिला उपाध्यक्ष विपिन कसाना, ललित शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेत्री मधु शर्मा, भावना बिष्ट, रामनिवास त्रिपाठी, प्रशांत झा, देवेंद्र भंडारी, अलीमुद्दीन सहित 99सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## छात्रा के साथ की अश्लील हरकत लोगों ने धुनाई कर पुलिस को सौंपा



**मुरादनगर करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र की एक कॉलोनी में घर के बाहर खेल रही ग्यारह वर्षीय कक्षा छह की छात्रा के साथ एक व्यक्ति ने अश्लील हरकत की। अश्लील हरकत करते समय कॉलोनी के लोगों ने आरोपी को पकड़कर उसकी जमकर धुनाई कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है। नगर की एक कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति परिवार सहित रहते हैं। उनकी 11 वर्षीय पुत्री कक्षा छह की छात्रा है। शनिवार शाम को वह मंदिर जा रही थी। जब वह बीच रास्ते में पहुंची तो एक व्यक्ति ने उसे रोक लिया। आरोप है कि आरोपी ने बच्ची के कपडे खीचने लगा और अश्लील हरकत की। मंदिर के पुजारी ने ऐसा करते हुए देखा लिया और डांटकर भगा दिया। रविवार सुबह दस बजे के आसपास बच्ची अपने घर के बाहर खेल रही थी। इसी बीच वह व्यक्ति कॉलोनी में घर के सामने आ गया और बच्ची के साथ अश्लील हरकत करने लगा। इसी बीच बच्ची ने शोर मचा दिया। शोर सुन आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को दबोच लिया और उसकी जमकर धुनाई कर दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस आरोपी को पकड़कर थाने ले आई। बच्ची के परिजनों ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है।

# महाराज अग्रसेन की मूर्ति का विधायक अतुल गर्ग ने किया अनावरण





**साहिबाबाद करंट क्राइम।** श्री अग्रवाल सेवा समिति शालीमार गार्डन ने रविवार को वार्ड 80 में अग्रसेन चौक पर महाराज अग्रसेन की मूर्ति का शहर विधायक अतुल गर्ग ने अनावरण किया। इस मौके पर विशाल भंडारा किया गया। इस अवसर पर भाजपा के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा , महामंत्री पप्पू पहलवान, पार्षद वार्ड 80 राहुल शर्मा, श्याम शर्मा, शैलेन्द्र सक्सेना, प्रीतपाल सिंह खोसला, प्रदेश अध्यक्ष महाराणा प्रताप सेना मौजूद रहे। श्री अग्रसेन सेवा समिति के अध्यक्ष नवीन गोयल, गोपाल मित्तल, नीरज गुप्ता अमित गुप्ता योगेश अग्रवाल, नितिन बंसल, मनीष गुप्ता, हरिशंकर गुप्ता, राजू अग्रवाल आदि ने सभी आगन्तुकों का स्वागत किया।

**● इस मौके पर विशाल भंडारा किया गया**

# 1702 दुकानों के व्यापारियों के साथ नहीं होगा अन्याय : नरेंद्र कश्यप

## व्यापारियों और अधिकारियों की कमेटी का मंत्री नरेंद्र कश्यप के हस्तक्षेप के बाद हुआ गठन





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** नगर निगम की 1702 दुकानों का किराया बढ़ाने के मामले को लेकर लगातार संघर्ष चल रहा था। इस मामले में उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जानकारी के अनुसार 15 मार्च को उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष सुभाष छाबड़ा के जन्मदिन अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री और भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा उनके आवास पहुंचे। यहां पर मंत्री नरेंद्र कश्यप ने गोल मार्केट के अध्यक्ष संजीव लाहौरिया, सचिव सुरेश महाजन, युवा प्रदेश कोषाध्यक्ष राजू छाबड़ा, सुरेश गुप्ता, राकेश स्वामी से किराए के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस दौरान राजू छाबड़ा ने बताया कि व्यापारियों को गुमराह किया जा रहा है। पिछले कुछ दिनों से जब व्यापारी धरना खत्म करवाया गया था तो हमें विश्वास में लेकर कहा गया था कि कमेटी का गठन किया जाएगा। एक महीने का समय बीत चुका है, अब तक गठन नहीं किया गया। इस पर उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री नरेंद्र कश्यप ने तत्काल एक्शन मोड़ लिया।

### जब मंत्री नरेंद्र कश्यप ने किया जिला अधिकारी और नगर आयुक्त को फोन

**करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप हमेशा व्यापारियों और आम जनता के साथ खड़े नजर आते हैं। ऐसा ही उदाहरण उन्होंने 1702 निगम की दुकानों के किराया बढ़ोतरी के मामले को लेकर भी दिखाया। व्यापारियों ने जब एक कार्यक्रम के दौरान अपनी समस्या रखी तो मंत्री नरेंद्र कश्यप ने बिना देर किए हुए जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक को फोन करके इस मामले पर तुरंत कमेटी गठित करने के लिए कहा। इसके बाद अधिकारियों ने कमेटी गठन करने का फैसला लिया।

### व्यापारियों ने दिया जनरल वीके सिंह, मंत्री नरेंद्र कश्यप और महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा को धन्यवाद

1702 दुकानों के किराया बढ़ोतरी मामले को लेकर जारी खींचतान में अब हाल निकलता नजर आ रहा है। इसके लिए व्यापारियों ने केंद्रीय मंत्री एवं वर्तमान सांसद जनरल वीके सिंह, उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री स्वतंत्रता नरेंद्र कश्यप और भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा है कि तीनों के प्रयास के बिना इस पूरे मामले में कमेटी का गठन संभव हुआ है। इस मौके पर धन्यवाद देने वाले व्यापारियों में सुभाष छाबड़ा, महानगर अध्यक्ष मनवीर नागर, महामंत्री हरि मेहता, धर्मपाल, कुकरेजा सुनील चाचा, सुरेश गुप्ता, संजीव लाहौरिया, सुरेश महाजन, पप्पू लाहौरिया, तिलक महाजन, अवनीश महाजन, सौरभ जयसवाल, तिलक महाजन व राजू छाबड़ा युवा प्रदेश कोषाध्यक्ष उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### नरेंद्र कश्यप ने कहा मैं व्यापारियों की हर लड़ाई में हूं साथ

उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेंद्र कश्यप ने व्यापारियों को आश्वस्त किया है कि वह व्यापारियों की हर लड़ाई में उनके साथ रहेंगे। व्यापारियों को जब भी उनके साथ और सहयोग की आवश्यकता पड़े तो वो उन्हें याद कर सकते हैं। दरअसल नरेंद्र कश्यप अपने अलग अंदाज और सरल व्यवहार के लिए जाने जाते हैं। जब वह शुभकामना देने के लिए पहुंचे थे, तो इस दौरान व्यापारियों ने अपना दर्द साझा किया तो उन्होंने इस पूरे मामले पर तत्काल संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को फोन करके इस मामले में कमेटी का गठन करवाया, जो पिछले एक महीने से नहीं बन पा रही थी।




### साईकिल वालों से लेकर हाथ वालों के यहां जमानत जब्त का सीन

साईकिल और हाथ वाले एक साथ हाथ मिलाकर चुनाव के रण में आ गये हैं। बताते है कि गाजियाबाद वाली सीट पर कतई लखनवी अंदाज में पहले आप पहले आप का सीन रहा। फिर ये हुया कि हाथ वाले लड़ेगें और साईकिल वाले लड़वायेगें। अब चुनाव कौन लड़ेगा इस को लेकर दंगल चल रहा है और साईकिल वाले इस सीन का मजा ले रहे हैं। अब कोटा तुम्हारा है तो तुम देखो और उम्मीदवार से लेकर वोट का टोटा है तो वो भी तुम्हारी सिरदर्दी हैं। हम तो चुनावी समझौते के साथी है और पूरी पूरी हमदर्दी है। दिक्कत ये है कि हाथ वालों के पास जितने भी दावेदार है वो टिकट तो लोकसभा का मांग रहे हैं और जमानत उनकी विधानसभा में जब्त हुई पड़ी है। लेकिन उससे भी बुरा हाल साईकिल वालों का है क्योंकि उनकी तो गली मौहल्ले के चुनाव में जमानत जब्त हुई हैं।

### जिन पर हो चुकी है पहले ही कृपा वो कृप्या जोर ना ही लगायें

भगवा गढ़ गाजियाबाद में लोकसभा चुनाव से पहले एक ताजपोशी सरकार में और एक कृपा आयोग में हुई है। सबसे बड़ी विधानसभा से सबसे बड़ी जीत हासिल करने वाले विधायक जी सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाये गये हैं और शुक्ला जी को फिर से दर्जा मिला है और वो भी आयोग के सदस्य बनाये गये हैं। इस बीच पता चला कि इस पार से लेकर उस पार के कई चेहरे सरकार की कृपा वाली तवज्जो चाहते हैं। कोई निगम में जाना चाहता है तो कोई जीडीए बोर्ड में मेंबरी के लिये जोर लगा रहा है। पता चला कि कृपा वाला बादल उन पर नही बरसेगा जिन पर वो पहले वर्षा कर चुका है। शुक्ला जी अपवाद हैं लेकिन बाकी सब के लिये रूल कुछ ऐसा ही रहने वाला है। बताने वाले लखनऊ के गलियारों से बता रहे हैं कि जिन पर आलरेडी पहली पारी में कृपा हो चुकी है उनके लिये कह दिया गया है कि वो कृप्या जोर ना लगाये और दूसरों को मौका दें।

### क्या सुनेगें सही में अब अधिकारी उनके कैबिनेट मंत्री हो जाने के बाद

वैसे तो भगवा गढ़ में एक प्रभारी मंत्री भी हैं, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार भी हैं। यूनियन वाली मिनिस्ट्री में स्टेट वालें मिनिस्टर हैं। सरकार दूसरी बार हैं और लोकसभा तीसरी बार हैं मगर शिकवा और गिला वो ही पुराना है। बीते साठ महीने में इस कदर सीने में पेन हुया है कि अब तो फूल वालें देवतुल्यों ने कुछ कहना कुछ सुनना ही बंद कर दिया है। नेताओं ने चौकी थाने जाना ही बंद कर दिया है। अब हैवीवेट वाले कैबिनेट में लिये गये तो फूल वालों ने उन पर पूरी फूल वर्षा की और उन्हे फील कराया कि हम हैप्पी हैं। लेकिन पुराने भाजपाई ने ही कहा कि बाकी तो सब ठीक हैं लेकिन देखा तो अब ये जायेगा कि उनके कैबिनेट मंत्री हो जाने के बाद क्या अधिकारी अपने रवैये में चेंज लायेगें।

### हाथी की स्पीड देगी लोकसभा के ट्रैक पर किस दल को माईलेज

हाथी ने मेयर इलेक्शन में गोल टोपी वाले महावत को लाकर दिखा दिया कि खुद आये ना आयें लेकिन साईकिल को धकेल देगें और हाथ को भी पीछे करेगें। हाथी को वोट कटवा माना जा रहा है लेकिन हाथी की स्पीड यहां किसे माइलेज देगी इसे लेकर पालिटिकल जुबानों पर चर्चा हैं। कहने वाले ने कहा कि हवा तो जो बह रही है वो है ही मगर यहां हाथी की स्पीड अगर स्लो रही तो गठबंधन फ्लो में रहेगा और स्पीड अगर फास्ट रही तो फूल वालों के यहां ग्लो रहेगा। हाथी वोट काटेगा और वोट कटवा रहेगा।

# आईएमएस का 18वां दीक्षांत समारोह सम्पन्न






**गाजियाबाद करंट क्राइम।** रविवार को आईएमएस इंजीनियरिंग कॉलेज में 18वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पाठ्यक्रम पूरा करने वाले सभी छात्रों से लेकर संकाय सदस्यों तथा अविभावकों ने प्रतिभाग किया। वर्तमान में इस संस्थान में प्रबंधन और इंजीनियरिंग में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम हैं। कुल मिलाकर 600 छात्रों को डिग्रियां प्रदान की गई और संस्थान के मेधावी छात्र जो ब्रांच टॉपर्स और यूनिवर्सिटी टॉपर्स रहे को पुरस्कार वितरण किये गए। दीक्षांत समारोह के दौरान दीप जलाकर सरस्वती वंदना की गई। समारोह में शामिल आगंतुकों को स्मृति चिन्ह देकर कार्यक्रम की शुरूआत हुई।

इस अवसर पर संजय अग्रवाल, राकेश छारिया, चेतन प्रकाश जैन, पुनीत जैन का आईएमएस के प्रो० डॉ. विक्रम बाली ने स्वागत किया। श्री बाली ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि एक छात्र सफल अनुक्रमिक गतिविधियों की कल्पना करने की शुरूआत करता है जो उसे मूल्य आधारित प्लेसमेंट के सपने के गंतव्य तक ले जाता है।

डीन एकेडमिक डॉ. एसएन राजन ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया और छात्रों को आगे एक उज्जवल कैरियर के लिए आशीर्वाद दिया।

# वो डॉक्टर...जिसने सील्ड बॉक्स से निकाला पुलिस भर्ती का पेपर

## एमबीबीएस डिग्री, सरकारी नौकरी...15 लाख में की डील

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** यूपी पुलिस भर्ती का पेपर लीक कराने के लिए पटना का MBBS डॉक्टर शुभम मंडल फ्लाइट से अहमदाबाद पहुंचा। उस गोदाम में पहुंचा जहां लोहे के ट्रंक (सील्ड बॉक्स) में परीक्षा का पेपर रखा था। उसने सील्ड बॉक्स को खोला और पेपर निकाला। इसके बाद बॉक्स पर वापस सील लगाकर पटना आ गया।

इसके बाद उसने पेपर लीक के मीडिएटर को फोन करके डील के 15 लाख रुपए मांगे। मीडिएटर ने कहा- पेपर कैंसिल नहीं हुए तो पैसे मिलेंगे। कैंसिल हो गए तो नहीं मिलेंगे। हालांकि डॉक्टर को पैसे नहीं मिले। शुभम मंडल ने STF की पूछताछ में कई अहम जानकारी दी है।

UP पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा 17-18 फरवरी को हुई। इसमें करीब 48 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए। बाद में पता चला कि तमाम अभ्यर्थियों के पास पेपर पहले ही पहुंच गया था। पूरे प्रदेश में प्रदर्शन हुए तो सरकार को ये परीक्षा रद्द करनी पड़ी। केस की जांच STF को सौंपी गई।



STF ने इस मामले में गिरफ्तार पटना के MBBS डॉक्टर शुभम मंडल से पूछताछ की। शुभम ने बताया, साल-2021 में उसने नालंदा मेडिकल कॉलेज से MBBS पासआउट किया है। फिलहाल वो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरारी, जनपद कटिहार (बिहार) में बतौर चिकित्सक नियुक्त है। इसी का एक बैचमेट है बिट्टू।

### ग्रेटर नोएडा के मीडिएटर ने डॉक्टर को बुलाया था अहमदाबाद

पूछताछ में डॉक्टर शुभम मंडल ने बताया, 5 फरवरी को वो फ्लाइट से अहमदाबाद गया। वहां उसने TCI कंपनी के गोदाम में लोहे का ट्रंक पीछे की तरफ से खोला और पेपर बाहर निकलवाने में मदद की। इसी तरह 8 फरवरी को भी शुभम पटना से अहमदाबाद गया और यही काम दोहराया। इस काम के बदले उसे 15 लाख रुपए मिलना तय हुआ था। 19 फरवरी को शुभम मंडल ने ग्रेटर नोएडा के रवि अत्री को फोन कर पैसे मांगे।

बिट्टू और शुभम बचपन के दोस्त भी हैं। बिट्टू लोहे के उन ट्रंक को खोलने में एक्सपर्ट है, जिनके अंदर पेपर रखकर आते हैं। दोनों दोस्त साल-2017 में नीट पेपर लीक कांड में जेल गए। इसके बाद ट्रंक खोलने का तरीका शुभम मंडल ने भी सीख लिया।

### युवक का सिर फोड़ा

**मुरादनगर करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र की चर्च कंपाउंड कॉलोनी में मामूली बात को लेकर दंबगों ने एक युवक के सिर में कांच का गिलास मारकर गंभीर रुप से घायल कर दिया। जब उसे बचाने के लिए मां व पत्नी आई तो उन्हें भी मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। नगर की चर्च कंपाउंड कॉलोनी निवासी रवि कुमार रविवार सुबह काम पर जा रहा था। जब वह कॉलोनी में ही बीच रास्ते पर पहुंचा तो उसे कुछ युवकों ने रोक लिया। किसी बात को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि दंबगों ने कांच का गिलास उसके सिर में दे मारा। चीख पुकार सुन रवि को बचाने जब उसकी मां कांता देवी व पत्नी शिवानी आई तो उनके साथ भी मारपीट की गई।




### क्यों बदल गई सिटी वाले साहब की आधी टीम




पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में चुनावी आचार संहिता लागू होने से पहले तमाम इस तरीके के आदेश और तबादले हो गए, जिससे कई कार्यालयों से लेकर कई जोन तक की स्थिति बदल गई है। जानकारी मिली है कि सिटी के 6 थानाक्षेत्रों के लिए काम करने वाली क्राइम टीम के ऑफिस में भी बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। बताया जा रहा है कि यहां के अधिकांश पुलिसकर्मी पास वाले कमिश्नरेट में भेज दिए गए हैं, तो कई अलग-अलग चेहरों को चुनकर यहां लगाया गया है। सूत्र बता रहे हैं कि एक टू-स्टार जो कि जिले में पहले काफी नाम कमा चुका है उसको यहां पर पोस्ट किए जाने को लेकर चर्चा शुरू हुई थी लेकिन नाम फाइनल नहीं हो पाया है। अब सूत्र यह जानकारी दे रहे हैं कि सिटी वाले साहब की टीम में लगभग आधा दर्जन से अधिक ऐसे पुराने पुलिसकर्मी जो कई- कई साल से यहां क्राइम पर काम कर रहे थे। करोड़ों-लाखों के बड़े मामलों को उन्होंने कुछ घंटों में खोलने का कारनामा किया, अब वह दूसरे कमिश्नरेट का हिस्सा हो गए हैं। सवाल यह उठता है कि जो नई टीम है अब वह क्या कर पाती है, कितने खुलासे कर पाएगी, वैसे अब इस नई टीम के पास एक इलाके की बड़ी लूट के खुलासे का चैलेंज है। तो वहीं टीम में केवल दो पुराने सदस्य बताए जा रहे हैं। सूत्रों ने जानकारी दी है पहले इस टीम में कुल आधा दर्जन के आसपास सदस्य होते थे लेकिन अब इस बार संख्या बढ़ाई गई है। देखना होगा बढ़ी संख्या का आने वाले दिनों में कितना फायदा होता है। उधर वर्तमान समय त्यौहारी और चुनावी शुरू हो चुका है। आने वाले दिनों में गर्मी बढ़ेगी गर्मियों में चोरी और लूटपाट की वारदात में इजाफा होता है हालांकि इस बार चुनावी समर है। देखना होगा कि बदमाश कितना एक्टिव रहते हैं, बदमाश एक्टिव हुए तो सिटी वाली क्राइम टीम के लिए कई बड़े टास्क भी सामने मौजूद रहेंगे। उन टास्क को वह कितनी सफलता के साथ खोल पाती है, यह भी देखना होगा। कुल मिलाकर अभी सिटी वाले साहब की टीम बदलाव का कारण उनका कमिश्नरेट का समय पूरा होना बताया जा रहा है। देखना होगा आने वाले दिनों में सिटी वाले साहब कैसे अटैकिंग पुलिसिंग करते हैं और टीम कितनी सफल रहती है।

# प्रदेश आईटी मंत्री ने सेटर ऑफ सुपरकंप्यूटिग का किया उद्घाटन

## पौने तीन करोड़ रुपए की लागत से तैयार हुए सुपर कंप्यूटर लाएगा आईटी क्रांति





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दिल्ली मेरठ मार्ग पर काईट संस्थान में सेंटर ऑफ सुपरकंप्यूटिंग समारोहा का उदघाटन यूपी के इलेक्ट्रॉनिकस व सूचना प्रोद्योगिकी मंत्री सुनील शर्मा व पूर्व राज्यमंत्री अतुल गर्ग ने किया। यह दुनिया 5 पेटाफ्लॉप्स एआई सुपरकंप्यूटर है। यह सुपर कंप्यूटर 60 हजार कंप्यूटर के बराबर काम करेंगा। इसे स्टार्ट इन यूपी नामक स्टार्टअप नीति को समर्थित किया गया है।

समारोह को सम्बोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि सुपरकंप्यूटिंग केन्द्र से एनसीआर में आईटी क्रांति आ जाएगी। छात्र सुपर कंप्यूटर पर काम करेंगे, तो वे नए उत्पाद और विचार बनाने में सक्षम होगे। उन्होने कहा कि अब सुपर कंप्यूटर की शिक्षा लेने के लिए छात्रों को विदेश नहीं जाना होगा। उन्होने कहा कि एनवीडिया डीजीएक्स एआई 100 सुपरकंप्यूटर के माध्यम से छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व मशीन लर्निग क्षेत्र में आगे बढ़ने के नए अवसर प्रदान करेंगा। इस मौके पर विधायक व पूर्व राज्यमंत्री अतुल गर्ग, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, केशव त्यागी, सुनील पी गुप्ता, जीडी जैन, आदि नारायण, डॉ. मनोज गोयल व अनिल अहलावत ने भी छात्रों को सुपर कंप्यूटर के बारे में बताया।

### सुपर कंप्यूटर 60 हजार कंप्यूटर के बराबर करेंगा काम

**करंट क्राइम।** कंप्यूटर विभाग की एचओडी डौम रेखा कश्यप ने बताया कि एनवीडिया डीजीएक्स ए100 दुनिया का पहला 5 पेटाफ्लॉप्स एआई सिस्टम है, जिसे प्रशिक्षण, अनुमान और विश्लेषण को एकीकृत करने के लिए डिजाइन किया गया है। सुपरकंप्यूटिंग केंद्र में डीजीएक्स ए100 सिस्टम को नए दृष्टिकोण को दर्शाता है। सुपर कंप्यूटर डीवाईजीए 100 कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग, डेटा एनालिटिक्स, जलवायु विज्ञान, जीनोमिक्स और अन्य क्षेत्रों में अनुसंधान को गति देगा।

# आपसी सहमति से बाबा साहेब अम्बेडकर जन्मोत्सव समिति का किया गठन

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** आगामी 14 अप्रैल को भारतरत्न डॉ० बाबा साहेब अम्बेडकर की 134 वां जन्मोत्सव मनाने के लिए अम्बेडकर जन्मोत्सव आयोजन समिति को चुनाव आचार संहिता लगने के कारण प्रशासनिक अनुमति नहीं मिल पाई और आयोजन समिति ने स्थाई सदस्यों की सहमति के आधार पर आयोजन समिति का गठन किया जिसमें टीम ललित दास की तरफ से 642 सदस्य बनाये गये तथा उनकी टीम को गंगा शरण उम्मीदवार बब्लू एड०, जयसिंह एड०, मोहित वाल्मीकि द्वारा समर्थन दिया गया। तरूण कुमार की तरफ से 250 सदस्य बनाये गये। उसके उपरान्त चुनाव समिति व 21 लोगों की संयोजक समिति द्वारा विचार विमर्श करने के उपरान्त दोनों पक्षों की सहमति से समाज के सम्मानित लोगों की उपस्थिति में अध्यक्ष ललित दास, महासचिव राहुल सिंह, कोषाध्यक्ष कृपाल सिंह और लेखा परीक्षक मनोज व वरिष्ठ उपाध्यक्ष तरूण कुमार, उपाध्यक्ष विमलेश बौद्ध व विक्की उर्फ बिल्लू, सहसचिव प्रवेश कुमार को बनाया गया। बैठक में उपरोक्त सदस्यों के अलावा चुनाव समिति के सदस्य मंगू सिंह, विनोद कुमार पन्ना, चन्द्रभूषण, महेन्द्र सिंह, आर. पी. सिंह, डॉ चरण सिंह, अशोक संत, आनन्द सिंह चन्द्रेश, हरस्वरूप ठेकेदार के अलावा महेश वर्मा (एड०) हरिदत्त जाटव, हरीश हितैषी, प्रणवीर व्यास, अजय प्रधान, गजेन्द्र सिंह, विजय उर्फ पप्पन, ओमकार पहलवान, कुलदीप बौद्ध, सतीश बौद्ध, रीना बौद्ध, शारदा सिंह, मनीषा कुमारी आदि उपस्थित रहे।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।





DrManju Saini is feeling hopeful in Ghaziabad.
1h

--------**इस बरस**---------
सुनो...
इस बरस भी होली में
मैं ही रंग लाऊं...!
या फिर
तुम ही लेकर आओगे..?



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। होली का रंग फेसबुक पर दिखाई देने लगा है। कहीं आरडब्ल्यूए का होली मिलन कार्यक्रम तो कहीं व्यापार मंडल वालों के होली मिलन समारोह की धूम है। होली मिलन की काव्य साहित्य की सरिता भी बहने लगी है। कवियत्री डॉ मंजू सैनी ने अपनी पोस्ट में पूछा है कि रंग कौन लायेगा...। मंजू सैनी की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।



# अफगानिस्तान में 5-6 हजार आतंकी मौजूद

## पाकिस्तानी राजदूत बोले- वो सरेंडर करने को तैयार नहीं

● टीटीपी से क्यों नहीं हो पा रही शांति वार्ता?



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के एक शीर्ष अधिकारी ने दावा किया है कि खूंखार आतंकी संगठन तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान यानी कि टीटीपी के पांच से छह हजार आतंकी अफगानिस्तान में मौजूद हैं। ये दावा किया है अफगानिस्तान में पाकिस्तान के राजदूत आसिफ दुर्रानी ने। इस्लामाबाद में एक थिंक टैंक पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर पीस स्टडीज द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में दुर्रानी ने कहा कि अगर हम आतंकियों के परिवारों को भी मिला दें ते यह आंकड़ा 70 हजार से भी ज्यादा है।

आसिफ दुर्रानी ने कहा कि पाकिस्तान और टीटीपी के बीच शांति वार्ता की कई कोशिशें असफल हो चुकी हैं। दुर्रानी के अनुसार, टीटीपी के आतंकी न तो आत्मसमर्पण करने के लिए तैयार हैं और न ही वे पाकिस्तान के संविधान को मानने को तैयार हैं। दुर्रानी ने आरोप लगाया कि ऐसा लगता है कि कोई और उन्हें पैसे दे रहा है क्योंकि अफगानिस्तान की अंतरिम सरकार तो इतनी बड़ी संख्या में लोगों को रोजाना के खर्चे उठाने में सक्षम नहीं है। पाकिस्तानी राजदूत ने कहा कि टीटीपी के आतंकी अपने घृणित अपराधों के लिए कानून का सामना करने के लिए भी तैयार नहीं हैं, जिनमें पेशावर में आर्मी पब्लिक स्कूल पर हमला भी शामिल है।

### 'पाकिस्तान के लिए खतरा है टीटीपी'

आसिफ दुर्रानी ने चिंता जताते हुए कहा कि टीटीपी, पाकिस्तान के लिए खतरा है और पाकिस्तान की सरकार ने काबुल की सरकार से साफ कह दिया है कि टीटीपी के आतंकियों को आत्मसमर्पण करना होगा और हथियार छोड़ने होंगे। पाकिस्तानी राजदूत का टीटीपी को लेकर बयान ऐसे वक्त आया है, जब शुक्रवार को ही एक आतंकी हमले में पाकिस्तानी सेना के सात जवानों की मौत हो गई थी। उत्तरी वजीरिस्तान के मीर अली इलाके में छह आतंकियों ने सेना की पोस्ट पर हमला किया, जिसमें पाकिस्तानी सेना के लेफ्टिनेंट कर्नल और कैप्टन समेत सात जवानों की मौत हो गई।

### जेल में बंद पूर्व पीएम इमरान खान का पाक चुनावों पर बयान

# गड़बड़ी न होती अगर पाकिस्तान में होतीं ईवीएम




**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में आम चुनाव के नतीजे आए काफी समय हो चुका है। हालांकि, देश की घरेलू के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पाकिस्तान की चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठे हैं। खासकर देश के मुख्य विपक्षी दल पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने तो चुनाव आयोग को ही घेरते हुए कहा कि चुनाव की पूरी प्रक्रिया ही भ्रष्ट थी। अब पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने भी इस मुद्दे को उठाया है। जेल में बंद इमरान ने कहा है कि अगर पाकिस्तान में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) होतीं तो चुनाव में ऐसा भ्रष्टाचार न हो पाता। अदियाला जेल में बंद पीटीआई के संस्थापक ने एक पत्रकार से बातचीत के दौरान कहा, ₹अगर आज ईवीएम होतीं तो एक घंटे के अंदर मतदान में गड़बड़ियों के सारे मुद्दे सुलझा लिए जाते।₹ इमरान ने कहा कि पाकिस्तान के चुनाव आयोग, कुछ राजनीतिक दलों और 'संस्थान' ने देश में ईवीएम लाने की योजना को बर्बाद कर दिया।

रिपोर्टर्स से बातचीत के दौरान इमरान ने कहा कि आम चुनाव में जनता के जनादेश को चुराने वालों पर देशद्रोह के तहत कार्यवाही होनी चाहिए। इमरान ने अमेरिका में आईएमएफ के दफ्तर के बाहर हुए प्रदर्शनों का समर्थन किया। हालांकि, उन्होंने इसमें पाकिस्तानी सेना के विरोध में लगे नारेबाजी से खुद को दूर कर लिया। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पर बात करते हुए इमरान ने कहा कि मुश्किल में पड़ी इकोनॉमी को संभालना मौजूदा सरकार के लिए नामुमकिन है। उन्होंने इस बात से भी इनकार किया कि उनकी पार्टी ने देश को आर्थिक संकट में छोड़ा। इमरान खान ने कहा कि 2018 में जब पीएमएल-एन सरकार से गई तब व्यापार घाटा 20 अरब डॉलर पहुंच चुका था और हमारे पास आईएमएफ के पास जाने के अलावा दूसरा कोई चारा नहीं था।

# राष्ट्रपति चुनाव : आज हो जाएगा फैसला




**मास्को।** रूस में बीती 15 मार्च से राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान हो रहा है। आज मतदान का आखिरी दिन है और आज ही नतीजे आने शुरू हो जाएंगे। रूस के राष्ट्रपति चुनाव पर दुनिया की नजरें टिकी हैं। पुतिन साल 1999 से रूस की सत्ता पर काबिज हैं और इस दौरान वह रूस के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री जैसे शीर्ष पदों पर रहे हैं।

**लियोनिड स्लट्स्की :** लियोनिड स्लट्स्की का जन्म 4 जनवरी 1968 को हुआ था और वह रूस की प्रमुख राजनीतिक पार्टी लिबल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ रूस यानी एलडीपीआर के शीर्ष नेता हैं। वह साल 2022 से पार्टी का नेतृत्व कर रहे हैं और स्टेट ड्यूमा कमेटी के अंतरराष्ट्रीय मामलों के चेयरमैन हैं। लियोनिड स्लट्स्की 1999 से स्टेट ड्यूमा में शामिल हैं। स्लट्स्की पर अमेरिका, कनाडा और यूरोप ने प्रतिबंध लगाए हुए हैं।

**व्लादिस्लाव दावनकोव :** दावनकोव रूस की न्यू पीपल पार्टी के नेता हैं और रूस की स्टेट ड्यूमा में साल 2021 से उपाध्यक्ष हैं। दावनकोव को उदारवादी नेता माना जाता है। दावनकोव, यूक्रेन के साथ शांति के समर्थक हैं और साथ ही गैरजरूरी सेंसरशिप के भी खिलाफ हैं। दावनकोव खुद को पुतिन का सबसे अच्छा विकल्प बताते हैं।

**निकोलाई खारितोनोव :** रूसी कम्युनिस्ट नेता निकोलाई भी स्टेट ड्यूमा के सदस्य हैं और 1994 से ड्यूमा का हिस्सा हैं। निकोलाई आर्कटिक क्षेत्र के विकास के लिए बनी समिति के अध्यक्ष हैं। इससे पहले साल 2004 में भी खारितोनोव ने रूस के राष्ट्रपति का चुनाव लड़ा था और दूसरे नंबर पर रहे थे।

# सुरक्षा और युद्ध कैबिनेट की बैठक आज

## बैठक में अहम मुद्दों पर होगा जोर



**तेल अवीव।** इस्राइल और हमास के युद्ध के बीच सुरक्षा कैबिनेट और युद्ध कैबिनेट की रविवार को बैठक होगी। इसका उद्देश्य दोहा के लिए प्रस्थान से पहले वार्ता के प्रभारी प्रतिनिधिमंडल के जनादेश पर निर्णय लेना होगा। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि गाजा में संघर्ष विराम पर बातचीत के लिए दोहा की यात्रा के कारण एक प्रतिनिधिमंडल के जनादेश पर चर्चा करने के लिए इस्राइल की सुरक्षा कैबिनेट रविवार को बैठक करने वाली है।

एक बयान में कहा गया है, 'सुरक्षा कैबिनेट और छोटी, पांच सदस्यीय युद्ध कैबिनेट रविवार को बैठक करेगी। इस दौरान दोहा के लिए रवाना होने से पहले वार्ता के प्रभारी प्रतिनिधिमंडल के जनादेश पर निर्णय लिया जाएगा।'

प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को 7 अक्तूबर को दक्षिणी इस्राइल पर हमास के हमले के दौरान पकड़े गए बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए घरेलू राजनीतिक दबाव का सामना करना पड़ रहा है, जिससे गाजा पट्टी में चल रहे युद्ध की शुरूआत हुई। आतंकवादियों ने उस दिन लगभग 250 बंधकों को पकड़ लिया था, और इस्राइल का मानना है कि गाजा में लगभग 130 लोग बचे हैं, जिनमें 32 मृत मान लिए गए हैं।

### क्या कहता है स्वास्थ्य मंत्रालय

इस्राइली आंकड़ों की एएफपी तालिका के अनुसार, हमले में लगभग 1,160 लोग भी मारे गए।

# अमेरिका के लिए जासूसी सैटेलाइट का नेटवर्क बना रही एलन की कंपनी

● दुनिया के हर कोने पर रहेगी नजर



**वाशिंगटन।** दिग्गज कारोबारी एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स अमेरिका के रक्षा विभाग पेंटागन के लिए जासूसी सैटेलाइट का नेटवर्क विकसित कर रही है। गोपनीय जानकारी के अनुसार, एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स अमेरिका की खुफिया एजेंसी यूएस राष्ट्रीय टोही कार्यालय के साथ मिलकर इस प्रोजेक्ट पर काम कर रही है। यह प्रोजेक्ट 1.8 अरब डॉलर का है, जिसके तहत मस्क की कंपनी कई जासूसी सैटेलाइट अंतरिक्ष में भेजेगी, जिनकी मदद से पूरी दुनिया के कोने-कोने पर नजर रखी जाएगी।

### अमेरिकी सेना की निगरानी की क्षमता कई गुना बढ़ेगी

स्पेसएक्स और एनआरओ के बीच 2021 में यह समझौता हुआ था। अमेरिका की एनआरओ एजेंसी ही अमेरिका की विभिन्न सैटेलाइट्स का संचालन करती है। एनआरओ और स्पेसएक्स के बीच हुआ समझौता अगर सफल रहता है तो इससे अमेरिकी सेना की निगरानी क्षमता कई गुना बढ़ जाएगी और अमेरिका आसानी से पूरी दुनिया पर खुफिया तौर पर निगाह रख सकेगा। फरवरी में भी मीडिया रिपोर्ट्स में इस डील की खबरें प्रकाशित हुईं थी, लेकिन उस वक्त यह पता नहीं चला था कि 1.8 अरब डॉलर की यह बड़ी डील किस कंपनी को मिली है।

स्पेसएक्स डील के तहत सैंकड़ों सैटेलाइट आसमान में लॉन्च करेगी। ये सैटेलाइट पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित की जाएंगी और ये सैटेलाइट दुनिया के कोने-कोने पर नजर रखेंगी। हालांकि यह प्रोजेक्ट कब तक पूरा होगा, इसके बारे में अभी कोई जानकारी नहीं दी गई है।

# ट्रंप ने रैली में दी खुली चेतावनी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को चेतावनी दी कि अगर इस साल के आखिर में होने वाले चुनावों में वह नहीं चुने जाते हैं तो देश में 'खून-खराबा' होगा। ओहायो के डायटन में एक रैली को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा, 'अगर अब मैं चुना नहीं जाता हूं तो यहां खूनखराबा होगा। कम से कम यह होगा ही। खून-खराबा देश के लिए होने जा रहा है।' हालांकि, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि ट्रंप के इस बयान का क्या आशय है। दरअसल, जिस समय उन्होंने यह चेतावनी दी उस सनय वह पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति वाहन उद्योग के बारे में शिकायत कर रहे थे। एक रिपोर्ट के अनुसार, भीड़ को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अगर वह फिर से चुने जाते हैं तो चीन अमेरिका में आयातित किसी भी वाहन को बेचने में सक्षम नहीं होगा।

# ब्रिटिश शाही घराने की बहू को लेकर गहराया रहस्य



● कर्मचारियों का दावा- कई दिनों से केट को नहीं देखा

**लंदन।** ब्रिटिश राजघराने की बहू और वेल्स की राजकुमारी केट मिडलटन को लेकर रहस्य गहराता जा रहा है। कई दिनों से केट मिडलटन को नहीं देखा गया है और महल के कई वरिष्ठ कर्मचारियों ने भी दावा किया है कि उन्होंने भी कई दिनों से ने वेल्स की राजकुमारी केट मिडलटन को देखा है और न ही उनसे बात हुई है। प्रिंस विलियम और प्रिंसेस केट मिडलटन जिस केनसिंग्टन पैलेस में रहते हैं और बताया जा रहा है कि पेट की सर्जरी के बाद केट मिडलटन केनसिंग्टन पैलेस में ही आराम कर रही हैं, लेकिन महल के कर्मचारियों का ही कहना है कि उन्होंने कई दिनों से केट को नहीं देखा है। चचाओं और कयासों का दौर चल रहा

केट मिडलटन को लेकर सोशल मीडिया पर खूब चचाएं चल रही हैं। कुछ यूजर्स का कहना है कि केट मिडलटन कोमा में हैं। केट मिडलटन को लेकर चचाओं का दौर तब शुरू हुआ, जब बीते दिनों मदर्स डे के अवसर पर केनसिंग्टन पैलेस द्वारा केट मिडलटन का उनके बच्चों के साथ एक तस्वीर जारी की गई। इस तस्वीर के साथ मदर्स डे की शुभकामनाएं दी गईं थी, लेकिन इस तस्वीर के साथ कांट-छांट की गई थी, जिसके बाद ब्रिटिश राजघराने की तरफ से भी तस्वीर से कांट-छांट होने की पुष्टि की गई और तस्वीर को वापस ले लिया गया। इसकी पूरी दुनिया में चर्चा हुई और केट मिडलटन की सेहत को लेकर चचाओं का दौर शुरू हो गया।

> प्रिंस विलियम और प्रिंसेस केट मिडलटन जिस केनसिंग्टन पैलेस में रहते हैं और बताया जा रहा है कि पेट की सर्जरी के बाद केट मिडलटन केनसिंग्टन पैलेस में ही आराम कर रही हैं।

**बीते साल से सार्वजनिक तौर पर नहीं दिखी हैं केट मिडलटन:** केट मिडलटन बीते क्रिसमस से सार्वजनिक तौर पर दिखाई नहीं दी हैं। राजपरिवार की तरफ से जारी बयान में कहा गया था कि पेट की सर्जरी के बाद केट मिडलटन अस्पताल से छुट्टी लेकर 29 जनवरी को विंडसर पैलेस आ गईं थी, लेकिन उनके बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं मिल रही है।

# उत्तरी वजीरिस्तान में आतंकी हमला

## सेना के दो अफसरों सहित सात जवानों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में एक बार फिर से आतंकी हमला हुआ है, जिसमें पाकिस्तानी सेना के दो अधिकारी और करीब सात सैनिक मारे गए हैं। हालांकि जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तानी सेना ने सभी छह आतंकियों को ढेर कर दिया। यह आतंकी हमला अफगानिस्तान की सीमा से लगे उत्तरी वजीरिस्तान में हुआ।

पाकिस्तानी सेना द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि छह आतंकवादी घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे, जिनके प्रयासों को सेना द्वारा विफल किया गया। इसके बाद आतंकवादियों ने विस्फोटकों से भरे वाहन को चौकी में घुसा दिया, जिसके बाद कई बम धमाके हुए। जवाबी कार्रवाई में सेना ने सभी छह आतंकवादियों को मार गिराया। दोनों तरफ से हुई भीषण गोलीबारी के दौरान पाकिस्तानी सेना के लेफ्टिनेंट कर्नल सैयद काशिफ अली और कैप्टन मुहम्मद अहमद बदर मारे गए।

पाकिस्तानी सेना की मीडिया विंग के अनुसार क्षेत्र में मौजूद अन्य आतंकवादियों का सफाया करने के लिए ऑपरेशन चलाया जा रहा है। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर ने इस आतंकी हमले की निंदा की है।

### 2023 में हुए 789 आतंकी हमले

सेंटर फॉर रिसर्च एंड सिक्योरिटी स्टडीज द्वारा एक वार्षिक सुरक्षा रिपोर्ट जारी की गई है।

इस रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान में 2023 में 789 आतंकी हमले हुए। इन हमलों में 1,524 मौतें हुई जबकि 1,463 घायल हुए। यह छह साल का रिकॉर्ड उच्चतम स्तर है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान प्रांत आतंकी हमलों के प्राथमिक केंद्र रहे हैं। इन क्षेत्रों में 84 प्रतिशत हमले हुए और 90 प्रतिशत से अधिक मौतें हुई हैं।

# आइसलैंड के रेजेंस प्रायद्वीप में हुआ ज्वालामुखी विस्फोट

● खाली कराया गया पूरा का पूरा शहर

**कोलंबो।** आइसलैंड के रेजेंस प्रायद्वीप में ज्वालामुखी विस्फोट हुआ है। इसके चलते ब्लू लैगून और नजदीक के शहर ग्रिन्डाविक को खाली करा लिया गया है।

मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि ज्वालामुखी से निकला लावा तेजी से ग्रिंडविक के उत्तरी इलाके में तेजी से फैल रहा है। इससे पहले 8 फरवरी को भी यहां ज्वालामुखी विस्फोट हुआ था। ज्वालामुखी फटने से तीन किलोमीटर दूरी तक दरार आ गई है। रेजेंस प्रायद्वीप आइसलैंड की राजधानी रेजाविक से महज एक घंटे की दूरी पर स्थित है। श्रीलंकाई नेवी ने पकड़े भारतीय मछुआरे

श्रीलंका की नेवी ने भारत के 21 मछुआरों को हिरासत में लिया है। रामेश्वरम मछुआर एसोसिएशन ने यह जानकारी दी है। जानकारी के अनुसार, श्रीलंकाई नेवी ने भारतीय मछुआरों की 2 नौकाएं भी जब्त कर ली हैं।

### पाकिस्तान में आर्थिक संकट

# सऊदी के क्राउन प्रिंस ने बढ़ाए मदद के हाथ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था चुनौतीपूर्ण हालात का सामान कर रही है। सऊदी के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने शनिवार को भरोसा दिलाया है कि वे नवनिर्वाचित सरकार का पूरा समर्थन करेंगे। निवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की सरकार का पूरा समर्थन करने का वादा करते हुए क्राउन प्रिंस ने कहा, कठिन दौर से गुजर रहे पाकिस्तान के विदेशी मुद्रा भंडार को भरने के लिए बड़ी मात्रा में ग्रीन बैक जमा किया जाएगा। इससे पहले सऊदी अरब ने स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान में जमा तीन बिलियन अमेरिकी डॉलर की जमा राशि को वापस ले लिया था।

# लंदन में भाजपा के समर्थन में कार रैली का आयोजन

## ब्रिटिश सांसद बोले- भारत सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर

**लंदन।** ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी यूके ने लंदन में एक कार रैली का आयोजन किया। कार रैली का आयोजन भारत में लोकसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा को समर्थन देने के लिए किया गया था। रैली नॉर्थोल्ट में कच्छ लेवा पाटीदार समाज परिसर से शुरू हुई और वेम्बली में स्वामीनारायण बीएपीएस मंदिर में समाप्त हुई। भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की नंबर 1 अर्थव्यवस्था बनने की राह पर

हैरो सांसद और पद्मश्री विजेता बॉब ब्लैकमैन कहते हैं कि भारतीय चुनाव दुनिया में लोकतंत्र की सबसे बड़ी कवायद है। भारत में जब से भाजपा ने सत्ता संभाली है, तब में भारत और ब्रिटेन के बीच दोस्ती और मजबूत हुई है। भाजपा सरकार के कारण भारत एक बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में सामने है। हम यूके और भारत के बीच एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत करने की कोशिश कर रहे हैं। हमने रक्षा और सुरक्षा में सहयोग पर भारत के साथ एक मैत्री समझौते पर हस्ताक्षर किया है। भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की नंबर 1 अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। हम भारत में हो रहे विकास से प्रेरित है। हम चाहते हैं कि नरेंद्र मोदी फिर से प्रधानमंत्री चुने जाएं और भाजपा फिर एक बार सरकार में आए।



### भव्य लोकतांत्रिक त्योहार की प्रक्रिया शुरू

इसके अलावा, भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट करते हुए कहा कि चुनाव आयोग द्वारा आम चुनावों की घोषणा दुनिया के सबसे बड़े और भव्य लोकतांत्रिक त्योहार की प्रक्रिया शुरू करती है। प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में एनडीए गठबंधन पूरे आत्मविश्वास और उत्साह के साथ चुनाव लड़ेगा। यह देश के लोगों की सेवा करने और भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करने का एक अवसर है।

### लोकसभा का कार्यक्रम

**पहला चरण**
19 अप्रैल को 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीट पर मतदान होगा।

**दूसरे चरण**
26 अप्रैल को 13 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की 89 सीट पर मतदान होगा।

**तीसरा चरण** : सात मई को 12 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के 94 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा।

**चौथा चरण**
13 मई को 10 राज्यों के 96 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा।

**पांचवां चरण** : 20 मई को आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 49 सीट पर मतदान होगा।

**छठा चरण** : 25 मई को सात राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 57 सीट पर मतदान होगा।

**सातवां चरण** : एक जून को आठ राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की 57 सीट पर मतदान होगा।

### भारतीय नागरिक के निर्वासन से जुड़ा है मामला

# पाक : हाईकोर्ट ने मंत्रालय को लगाई जोरदार फटकार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक अदालत ने एक भारतीय नागरिक के निर्वासन को लेकर गृह मंत्रालय को फटकार लगाई है। दरअसल अब्दुल मुगनी नाम के एक भारतीय नागरिक को ग्यारह साल पहले यानी 2013 में इस्पहानी रोड के पास से गिरफ्तार किया गया था।

उस पर विदेशी अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया था। उस दौरान सत्र अदालत ने अब्दुल मुगनी को 6 महीने की सजा सुनाई थी। इस बाद मुगनी ने सिंध उच्च न्यायालय में अपनी सजा के खिलाफ अपील दायर की थी।



**सात साल बीत जाने के बाद भी नहीं हुआ निर्वासन :** ग्यारह साल का समय बीत जाने के बाद भी मुगनी को रिहा नहीं किया गया। ऐसे में सिंध उच्च न्यायालय ने गृह मंत्रालय को फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में संबंधित सचिव को यह बताने के लिए बुलाया जाएगा कि उनका विभाग ऐसे मामलों में कैसे काम कर रहा है। न्यायमूर्ति मोहम्मद करीम खान आगा की अध्यक्षता वाली सिंध उच्च न्यायालय (एसएचसी) की एकल पीठ ने आंतरिक मंत्रालय को मामले के तथ्यों से अच्छी तरह जानकारी रखने वाले किसी एक अधिकारी को नियुक्त करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही कोर्ट ने अगली सुनवाई में अपनी रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है।

दैनिक करंट क्राइम
आमना सामना

# इस बार 400 पार, जनता का प्यार रहेगा बरकरार : मनोज तिवारी

# 'उत्तर-पूर्वी दिल्ली की जनता विकास कार्यों पर वोट देगी, फिर मिलेगा हमें जनता का प्यार'

**उत्तर-पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट 2008 में अस्तित्व में आई। 2009 में पहली बार यहां पर लोकसभा का चुनाव हुआ। तब कांग्रेस के जयप्रकाश अग्रवाल ने जीत हासिल की थी। उन्होंने 3 लाख से ज्यादा वोटों से जीत दर्ज की थी। बीजेपी के बीएल शर्मा को उन्होंने हराया था। इसके बाद 2014 के चुनाव में बीजेपी ने यहां से मनोज तिवारी को उतारा। मनोज तिवारी ने पार्टी की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए आम आदमी पार्टी के आनंद कुमार को शिकस्त दी। मनोज तिवारी को 1.5 लाख वोटों से जीत मिली थी। इसके बाद 2019 के चुनाव में भी मनोज तिवारी ने विजयी पताका फहराई, इस बार उन्होंने कांग्रेस की दिग्गज नेता शीला दीक्षित को शिकस्त दी।**

**नई दिल्ली, करंट क्राइम।** उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट देश की राजधानी दिल्ली की सात लोकसभा सीटों में से एक है। विधानसभा की 10 सीटें इसके अंतर्गत आती हैं. 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी के मनोज तिवारी ने यहां से जीत हासिल की थी। उन्होंने 2014 में भी बाजी मारी थी. 2019 के चुनाव में मनोज तिवारी ने कांग्रेस की दिग्गज नेता शीला दीक्षित को हराया था। मनोज तिवारी ने 3 लाख से ज्यादा वोट से जीत दर्ज की थी. उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट 2008 में अस्तित्व में आई। यहां पर लोकसभा का पहला चुनाव 2009 में हुआ।

## 2019 लोकसभा चुनाव के नतीजे

2019 के चुनाव में बीजेपी के मनोज तिवारी ने कांग्रेस की शीला दीक्षित को हराया था. मनोज तिवारी को 7,85,262 वोट मिले थे, जबकि शीला दीक्षित के खाते में 4,21,293 वोट आए थे. तीसरे नंबर पर आप के दिलीप पांडे थे. उनको 1,90,586 वोट मिले थे. 2011 की जनगणना के अनुसार, उत्तर पूर्वी दिल्ली में करीब 23 लाख लोग रहते हैं. यहां पर 17 लाख वोटर्स हैं. इसमें से 9 लाख पुरुष मतदाता और करीब 8 लाख महिला मतदाता हैं।

## 2014 में क्या थे नतीजे

2014 के चुनाव में बीजेपी ने मनोज तिवारी को उतारा था. वहीं, आप की ओर से आनंद कुमार मैदान में थे. मनोज तिवारी के खाते में 596125 वोट पड़े थे तो आनंद कुमार के पक्ष में 452041 वोट आए थे. मनोज तिवारी ने एक लाख से ज्यादा वोटों से जीत हासिल की थी. इस चुनाव में करीब 68 फीसदी वोटिंग हुई थी।

भाजपा से उत्तर पूर्वी दिल्ली (लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र) जीता ।उन्होंने आप के आनंद कुमार को 1,44,084 वोटों के अंतर से हराया।

2019 के आम चुनावों में , भाजपा उम्मीदवार तिवारी ने नई दिल्ली के उत्तर पूर्वी दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की उम्मीदवार शीला दीक्षित के खिलाफ 3.63 लाख वोटों के अंतर से जीत हासिल की।

## उत्तर-पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट का इतिहास

उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट 2008 में अस्तित्व में आई. 2009 में पहली बार यहां पर लोकसभा का चुनाव हुआ. तब कांग्रेस के जयप्रकाश अग्रवाल ने जीत हासिल की थी. उन्होंने 3 लाख से ज्यादा वोटों से जीत दर्ज की थी. बीजेपी के बीएल शर्मा को उन्होंने हराया था. इसके बाद 2014 के चुनाव में बीजेपी ने यहां से मनोज तिवारी को उतारा।

मनोज तिवारी पार्टी की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए आम आदमी पार्टी के आनंद कुमार को शिकस्त दी। मनोज तिवारी को 1.5 लाख वोटों से जीत मिली थी. इसके बाद 2019 के चुनाव में भी मनोज तिवारी ने विजयी पताखा फहराया। इस बार उन्होंने कांग्रेस की दिग्गज नेता शीला दीक्षित को शिकस्त दी।

## उत्तर-पूर्वी दिल्ली के बारे में जानिए

उत्तर पूर्वी दिल्ली जिला राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के ग्यारह जिलों में से एक है जो सितंबर 2012 में अस्तित्व में आया. उससे पहले जनवरी 1997 में दिल्ली को नौ राजस्व जिलों में विभाजित किया गया था. इस जिले का एक हिस्सा यूपी तो दूसरा हिस्सा हरियाणा की सीमा से लगता है. इस संसदीय क्षेत्र में घौंडा, सीलमपुर, बुराड़ी, सीमापुरी, गोकलपुर, बाबरपुर, करावल नगर, रोहतास नगर समेत 10 विधानसभा क्षेत्रों को शामिल किया गया है. बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश से आकर बसे पूर्वांचली लोगों की आबादी यहां पर काफी ज्यादा है। इस बार के लोकसभा चुनाव मनोज तिवारी एकमात्र भाजपा की सांसद प्रत्याशी हैं जिन्हें भाजपा ने रिपीट किया है, करंट क्राइम के संवाददाता रविन्द्र कुमार शर्मा ने मनोज तिवारी से जाना इस बार उनके लिए आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के गठजोड़ से पार पाने के लिए क्या तैयारी है और इस बार चुनाव में जनता के बीच जाने के लिए उनके मुद्दे क्या हैं :-

## सवाल जवाब

### मनोज तिवारी जी भाजपा ने तीसरी बार आपको रिपीट किया इसका श्रेय किसको देना चाहते हैं?

मैं सीधे तौर पर पीएम मोदी के विश्वास और अपने उत्तर पूर्वी दिल्ली की जनता को इसका श्रेय दूंगा क्योंकि हमारी पार्टी व्यक्ति विशेष से ज्यादा जनता के बीच सर्वे द्वारा किए गए जनप्रतिनिधि पर जनता के विश्वास को प्रमुखता देती है इसलिए हमारे शिष्ट मंडल ने पुनः तीसरी बार हमें प्रत्यशी के रूप उत्तर-पूर्वी दिल्ली की जनता विकास की धारा स्वाचालित रखने के प्रत्याशी के रूप में उतारा।

### आप अपने द्वारा किए कार्यों के लिए कितने आश्वस्त हैं?

आपको पता होगा कि 2014 से पहले उत्तर-पूर्वी दिल्ली की क्या हालत थी। मैं जब 2014 में प्रत्याशी के रूप में जनता के बीच गया तो मैंने जनता के समक्ष अपना विकास का विजन रखा, उसका रोडमेप तैयार किया।





### इस बार कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दोनों ही आपके लिए चुनौती का सबब बन सकती हैं, इसे आप किस प्रकार देखते हैं?



देखिए एक तरफ दुनिया में लोकप्रिय मोदी जी का सच और देश के विकास का मॉडल है दूसरी तरफ एक दूसरे को नीचा दिखाकर गठजोड़ करने वाला गठबंधन हम मोदी जी के देश विकास और अपने द्वारा उत्तर-पूर्वी दिल्ली में किए गए विकास को लेकर जनता के बीच जाएंगे। जनता जानती है मोदी जी ने देश का मस्तक कहे जाने वाले जम्मू-कश्मीर से धारा 370 खत्म कराकर वहां विकास की गंगा बहाई। मुस्लिम महिलाओं को उत्पीड़न से बचाने के लिए तीन तलाक खत्म कराया। किसान समृद्धि योजना से किसानों सम्मान निधि प्रदान की। उज्जवला योजना से माता-बहनों को सुविधा प्रदान की। दिव्यांग योजना, कौशल विकास, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना। बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ योजना देश में अंतरर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे, रेलवे के मॉडल को सुधारा, सेना को सशक्त किया। कोई भूखा ना सोए इसके लिए कोरोना काल से अब तो मुफ्त राशन, अटल पेंशन योजना ऐसे लाखो योजनाओं का संचार किया जिससे देश विकास के लिए गतिशील है। इसलिए हमारे लिए कोई चुनौती है ही नहीं।

### आपके क्षेत्र में बिहार-पूर्वांचल के लोगों की संख्या अधिक है क्या वही आपका वोट बैंक है?

जी बिहार-पूर्वांचल के लोगों का प्यार तो मुझे मिलता ही है क्योंकि मैंने दिल्ली में पहली बार छठ पूजा पर छुट्टी का ऐलान करवाया था क्योंकि मैं महीने पहले छठ घाटों की सफाई व्यवस्था में जुट जाता हूं और हर वर्ष हर्षोल्लास से दिल्ली में छठ पर्व मनाया जाता है। साथ ही सभी वर्गों जिसमें हिन्दू-मुस्लिम सिख ईसाई सभी के तीज त्योहारों या उनके बुलावे पर मैं उनके बीच मौजूद रहता हूं। आपको बता दें कि किसी का दर्द जानना है तो उस परिस्थिति से खुद गुजरना पड़ता है, इसी कड़ी में हमने दिल्ली के स्लम इलाकों में 40 रातें रहकर उनका दर्द जाना, और उनकी समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया।



सांसद बनते ही सबसे पहले मैंने मैं सिग्नेचर ब्रिज को अपने प्रयास की बड़ी उपलब्धि मानता हूं। 61 करोड़ रुपये स्वीकृत कराकर इस ब्रिज का निर्माण कार्य चालू कराया ।उस आधार पर जनता से मौका मांगा और जीतते ही पहले दिन से अपने क्षेत्र की जनता के कार्यों में जुट गया मीत नगर-सबोली रेलवे हॉल्ट का निर्माण, यमुना विहार पोस्ट ऑफिस में पासपोर्ट केंद्र और तीन-तीन केंद्रीय विद्यालय जैसे कई अन्य कार्य किए गए हैं। इसलिए मैं अपने क्षेत्र की जनता के प्रति पूरी तरह आश्वस्त हूं फिर मुझे उनका प्यार मिलेगा।

### यह तो कुछ एक क्षेत्र हैं जहां आपके कार्य दिखे, क्या आप सिलसिले बार अपने कार्यों को बताएंगे?

क्यों नहीं , हमारे सांसद बनने से पहले कोई नहीं कह सकता था की शास्त्री पार्क से सीलमपुर तक भयंकर जाम की समस्या से निजात मिल पायेगी लेकिन हमने अथक प्रयास और लोगों के सहयोग के बल बूते शास्त्राी पार्क फ्लाईओवर का निर्माण कराया और सलीमपुर फ्लाईओवर का चैड़ीकरण भी हुआ। 303 करोड़ रुपये की लागत से सीलमपुर शास्त्री पार्क फ्लाईओवर बनवाया, जिसके लिए आमरण अनशन तक करना पड़ा।

शिव विहार तक की पहली मेट्रो में खुद बैठकर आए। अब दिल्ली सरकार के असहयोग के बावजूद प्रधनमंत्री मोदी जी की पहल से पहली ट्रिपलडेकर मेट्रो लाइन का कार्य तेजी से अग्रसर है। शाहदरा में पहला सेंट्रल स्कूल बना, दूसरे केंद्रीय विद्यालय खजूरी खास में, मुकुंदपुर बुराड़ी स्थित केंद्रीय विद्यालय भी बनकर तैयार होने वाला है। एक हमारी बड़ी उपलब्धि है राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 709 बी बनने से पूर्णतया जाम मुक्त लोकसभा क्षेत्र बन जाएगा क्योंकि दिल्ली का पहला ट्रिपल डेकर प्रोजेक्ट उतर-पूर्वी दिल्ली में तेजी से तैयार हो रहा है। नीचे गाड़ियां, उफपर फ्लाईओवर और सबसे उफपर मेट्रो इस ट्रिपल डेकर प्रोजेक्ट को इसी वर्ष इसे लोगों के लिए चालू कर देने का लक्ष्य है। ऐसा प्रोजेक्ट देश के कुछ चुनिंदा जगहों पर ही हो पाया है। 2019 में लोकसभा क्षेत्र उत्तर पूर्वी दिल्ली की जनता को हमने मीत नगर, सबोली-गोकुलपुर रेलवे हाल्ट का उद्घाटन कर तोहपफा दिया ।लोकसभा क्षेत्रा में यमुना विहार में पासपोर्ट कार्यालय बनवाया। सीसीटीवी से डीयू को किया सुरक्षित किया। एमसीडी के स्कूलों में स्मार्ट क्लास शुरू करवाया। एमसीडी के स्कूलों के छत पर सोलर पॉवर लगवाया। नए उद्यमियों को सरकार के कार्य से अवगत कराते यहां इन्वेस्ट के लिए प्रोत्साहित किया। हर कार्य बढ़-चढ़ का हिस्सा लेना हमारी आदत में शुमार है। 2021 में पहली बार सोनिया विहार में अंडर ग्राउंड जलाशय बनकर तैयार, उत्तर पूर्वी दिल्ली के लोगों को पानी की समस्या से निजात मिली। 10 झीलों से जगमगाता यह रीवरफ्रंट भी बहुत जल्द तैयार होने वाला पूरे दिल्ली का आकर्षण बनेगा। ओपन एयर जिम जनता को किये समर्पित। दिल्ली के गीता कालोनी में स्थित गौशाला में जाकर सपफाई कार्य को बखूबी अंजाम दिया। अपने लोकसभा क्षेत्र में सभी जगह स्ट्रीट लाइटें लगवाई। नो वर्क नो पे का हमने संसद में मुद्दा उठाया। राशन प्रणाली में फैले भ्रष्टाचार को खत्म किया। छोटे- मझोले व्यापारियों को 200 करोड़ मुद्रा लोन से उनके रोजगार को बढ़ावा दिया। उत्तर पूर्वी लोकसभा के एमसीडी स्कूल लवाइबरेरी ब में किताबें प्रदान की गई। 55 लाख रुपये की लागत से स्वामी दयानंद अस्पताल में बैड्स और वेंटीलेटर्स लगवाए। जगतपुरी विस्तार में खजूरी वाला पार्क का लोकार्पण किया.ए गोकलपुर गांव पार्क और मंडोली पार्क का उद्घाटन कियाए कोरोना महामारी में जरूरतमंदों तक सेवा पहुंचाने का कार्य किया जिसमें हमने सभी वर्गों तक 24 घंटे लोगों तक पहुंचकर उन्हें सुविधा पहुंचाई। अपने लोकसभा क्षेत्र के युवाओं को पहली बार अंतरर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैदान फिरोजशाह कोटला में क्रिकेट मैच करवाए एवं अन्य खेलों को बढ़ावा दिया। जिसकी शुरूआत सांसद खेल महोत्सव 2016 और 3 जनवरी 2018 यमुना चैलेंज ट्रॉपफी का भव्य आयोजन 11 जून 2016 को मेरा एक और सपना सच हुआ। फिर 2023 में भी सांसद खेल महोत्सव कराया। मेरे लोकसभा के खिलाड़ियों ने अच्छी संख्या में यमुना जी की सफाई में श्रमदान किया। राजीव गांधी सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल का शुभारंभ करवायाए। क्षेत्र में सांस्कृतिक महत्व को बढ़ावा मिले इसलिए रामलीला के आयोजनों के लिए विशेष टीम गटित कर दिल्ली में विभिन्न जगहों पर विश्वस्तरीय रामलीला का आयोजन करवाया। जिसमें विश्व स्तरीय कलाकारों सहित हमने भी अभिनय किया। ऐसे अनगिन कार्य हैं जो मेरे लोकसभा क्षेत्र की जनता भलीभांति जानती है इसलिए मुझे उम्मीद है मुझे फिर से जनता का प्यार मिलेगा।

**शिव विहार तक की पहली मेट्रो में खुद बैठकर आए। अब दिल्ली सरकार के असहयोग के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी जी की पहल से पहली ट्रिपलडेकर मेट्रो लाइन का कार्य तेजी से अग्रसर है। शाहदरा में पहला सेंट्रल स्कूल बना, दूसरा केंद्रीय विद्यालय खजूरी खास में, मुकुंदपुर बुराड़ी स्थित केंद्रीय विद्यालय भी बनकर तैयार होने वाला है। एक हमारी बड़ी उपलब्धि है राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 709 बी बनने से पूर्णतया जाम मुक्त लोकसभा क्षेत्र बन जाएगा क्योंकि दिल्ली का पहला ट्रिपल डेकर प्रोजेक्ट उत्तर-पूर्वी दिल्ली में तेजी से तैयार हो रहा है।**

### आपने 2014 के बाद 2019 में जीत का अंतर बढ़ाया, इस बार यह अंतर बढ़ेगा या घटेगा?

हम अंतर की परवाह नहीं करते मोदी जी ने वचन हमेशा सत्य होता है इस बार 400 पार, जनता का प्यार रहेगा बरकरार।